हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 23 मई 2025
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



## खबर संक्षेप

### रिश्वत मांगने को लेकर बखेड़ा, किसान पर केस

**भिलाई।** ग्राम समोदा में राजस्व रिकार्ड में त्रुटि सुधार के नाम पर किसान से रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर एसीबी से भी शिकायत की गई थी, लेकिन एसीबी की टीम आरोपी को पकड़ पाती, इससे पहले ही पीड़ित पक्ष से आरोपी का विवाद हो गया। मामला थाने पहुंच गया और किसान पर ही एफआईआर दर्ज हो गया। ये बात समोदा निवासी किसान दलपति देशमुख के पारिवारिक सदस्यों ने बताई। पुलिस ने बताया कि जेवरा-सिरसा पुलिस ने पटवारी रत्नेश भदोरिया की शिकायत पर दलपति देशमुख के परिवारजनों पर हाथ मोड़ने और मोबाइल छीनने का आरोप लगाया है। जानकारी के मुताबिक दलपति देशमुख अपने पुत्रों के नाम से जमीन का बटांकन कराना चाह रहा था। इसके लिए जमीन की त्रुटि सुधार के लिए उसने पटवारी से संपर्क किया। इस मामले में उससे 60 हजार रुपए के रिश्वत की मांग की गई। इसके कारण यह पूरा मामला सामने आया। बहरहाल मामले में पुलिस की जांच जारी है।

### अमेरी के छात्र नेहिल का छात्रवृत्ति परीक्षा में चयन

**सेलूद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमेरी के छात्र नेहिल कुमार धीवर पिता लंकेश धीवर का इस वर्ष एनएमएमएसई में चयन हुआ है। अब तक इस विद्यालय से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में विगत चार वर्षों में 18 विद्यार्थियों का चयन हो चुका है। प्रधान पाठक देवलाल पटेल, नोडल टीचर मुकेश वर्मा, सीएसी खिलेश वर्मा आदि ने बधाई दी है।



## निधन

### शांति देवी अवस्थी

**भिलाई।** सेक्टर 4 भिलाई निवासी शांति देवी अवस्थी उम्र 90 वर्ष का निधन गुरुवार को निज निवास दीपक नगर दुर्ग में हो गया। उनका अंतिम संस्कार 23 मई शुक्रवार को सुबह 11 बजे शिवनाथ नदी मुक्तिधाम दुर्ग में किया जाएगा। वे स्व. बीपी अवस्थी की पत्नी एवं उमाशंकर, सुधा मिश्रा, शोभा मिश्रा, सुनीता शुक्ला की मां और राजेश, राकेश, विनीता तिवारी की चाची थीं ।




### //आम सूचना//

सर्व साधारण को सूचित हो कि मेरे पक्षकार शैलेन्द्र सिंग बावरी, पिता-स्व. रतन सिंग, निवासी-ईदगाहभाठा के सामने, लाखे नगर चौक, रायपुर छ.ग. ने विक्रेता नंद कुमार सोनकर, पिता-तुलसीराम सोनकर, निवासी- ग्राम-खुड़मुड़ा, तहसील-पाटन, जिला दुर्ग छ.ग. से उनके स्वामित्व की भूमि मौजा- मोहदा, प.ह.नं.-07, रा.नि.मं.-अमलेश्वर, विकासखंड पाटन, तह. पाटन, जिला-दुर्ग छ.ग. स्थित खसरा नंबर - 366/2 रकबा 0.10 हेक्टेयर अर्थात 25 डिसमिल को क्रय करने का पक्का सौदा किया गया है, मात्र विक्रय पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्धशासकीय, बैंक, साहूकार, आदि को उक्त भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई भी उजर दावा आपत्ति आदि हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर मेरे नीचे लिखे पते पर सुसंगत दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करावें । म्याद पश्चात मेरा पक्षकार उक्त भूमि को अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र रहेगा बाद म्याद की गयी आपत्ति अवैध व शून्य मानी जावेगी।

सो सूचना जाने
स्थान : रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 22/05/ 2025

भवदीय
जसवंत कुमार सोनकर
जिला एवं सत्र न्यायालय,
नई बिल्डिंग, प्रथमतल, कक्ष क्रं.-103,
टेबल नं. -2, रायपुर छ.ग.
मो. नं. 7694098622


## मोर चिन्हारी योजना अंतर्गत मकान लॉटरी के माध्यम से किया आवंटित

# खुर्सीपार में सीवरेज लाइन से प्रभावित हितग्राहियों को मिला प्रधानमंत्री आवास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

खुर्सीपार बैक लाईन सीवरेज सिस्टम के उपर अवैध कब्जाधारी 12 हितग्राहियो को लॉटरी के माध्यम से मकान आबंटन किया गया। महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू एवं एम.आई.सी. के सदस्यों की उपस्थिति में लॉटरी प्रक्रिया रखी गई। इसमें जो हितग्राही नियमानुसार अपनी धरोहर राशि जमा कर दिए थे, उन्हे मोर चिन्हारी योजना अंतर्गत मकान लॉटरी के माध्यम से आबंटित किया गया। हितग्राहियों को विशेष प्रावधान के तहत उनके द्वारा मात्र 75000 रूपये जमा करने पर मकान आबंटित किया जा रहा है। इसमें से 8 हितग्राही पूर्ण राशि जमा कर दिए है। 4 हितग्राही ऐसे है जिनके पास पुरी राशि नहीं होने के कारण वे 25000 रूपये जमा किए है। उन्हे विशेष बरियता देते हुए प्रावधिक रूप से मकान आबंटित किया गया है। जब वे शेष राशि 50000 और जमा कर देगे, तभी उन्हे पूर्ण कालिक आबंटन पत्र प्राप्त होगा। महापौर पाल ने खुर्सीपार क्षेत्र के उपस्थित हितग्राहियो से कहे कि बाकी लोग भी शीघ्र से पैसा जमा कर दें तो उन्हे भी कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे खम्हरिया बी-1 ब्लॉक में मकान आबंटन किया जाएगा, जो पहले आएगा उसे पहले मकान प्राप्त हो जाएगा। लॉटरी प्रक्रिया के दौरान एम.आई.सी. सदस्य लालचंद वर्मा, चंद्रशेखर गंवई, पार्षद एवं जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी, योजना प्रभारी अधिकारी विद्याधर देवांगन, नम्रता ठाकुर, जागेश्वर साहू, जी मोहन राव, जागेश्वर साहू, महेत्तर सोनी आदि उपस्थित रहे।

**संपूर्ण राशि जमा करने वालों को सौंप दी जाएगी मकान की चाबी**



### 19 और लोगों को मिला आवास

इसके अतिरिक्त अन्य 19 हितग्राही जिन्हे नियमानुसार खुली लॉटरी पद्धति के माध्यम से बारी-बारी से मकान आबंटित किया गया। सभी हितग्राही अपने प्रारंभिक किश्त की राशि जमा कर चुके है। नोडल अधिकारी डी. के. वर्मा ने सभी को बताया कि शीध्रता से संपूर्ण राशि जमा कर दें, उन्हे मकान की चाबी सौंप दी जाएगी। यदि किसी को ऋण की आवश्यकता है, उसकी भी सुविधा है। सभी हितग्राहियों को प्रमुख रूप से प्रमुख स्थल कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे खम्हरिया, आम्रपाली हाउसिंग बोर्ड, माईल स्टोन के पीछे खम्हरिया, सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया, स्वप्निल बिल्डर्स कुरूद में मकान आबंटित किया गया।

## वार्ड 33 संतोषीपारा में सालभर से डामरीकरण को छोड़ा अधूरा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भिलाई निगम के वार्ड क्रमांक 33 संतोषीपारा में सालभर से डामरीकरण कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया है। हाल यह है कि जितनी दूरी तक बना है वह भी अब हल्की बारिश से उधड़ने लगी है। मानसून शुरू होने जा रहा है ऐसी स्थिति में यदि सड़क निर्माण जल्द पूरा नहीं करवाया गया तो लोगों को पूरे सीजनभर आवागमन में दिक्कतें उठानी पड़ेगी। इस दिक्कत की शिकायत यहां के पार्षद एन शैलेजा ने कलेक्टर से की है। पार्षद ने सड़क निर्माण अधूरा छोड़ कर जाने और गुणवत्ता को लेकर निगम आयुक्त से भी शिकायत कर चुकी है लेकिन न उन्हे जवाब मिला और न ही इसकी जांच करवाई गई। पार्षद ने कलेक्टर से जांच की मांग करते हुए समस्या के निराकरण करने की अपील की है। जिससे वार्डवासियों को आवागमन की सुविधा मिल सके।



■ जहां निर्माण किया वहां भी उधड़ने लगी सड़क

## पाठशाला बंद कर भाजपा सरकार खोल रही मधुशाला : ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ निकुम

कांग्रेस सरकार के पूर्व गृहमंत्री व दुर्ग ग्रामीण विधायक रहे ताम्रध्वज साहू ने प्रदेश के विष्णुदेव सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा सत्ता में आने के बाद आपा खोकर शिक्षा विभाग को मानो प्रयोगशाला बना लिया है। जहां प्रदेश की भाजपा सरकार मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान चलाकर शिक्षा विभाग को सुधारने का ढोल पीट रही है, वहीं दूसरी ओर स्कूली विभाग के शालाओं और शिक्षकों का युक्तिकरण के कदम से पूरे प्रदेश भर में तकरीबन 4000 हजार सरकारी स्कूल बंद हो जाएंगे। वहां कार्यरत स्कूल के सफाई कर्मी और बरसात, ठंड व गर्मी में बच्चों को आग में तपकर दशको से मिड डे मिल बनाने वाले हजारों रसोइयो जो महज 2000 रुपये कई वर्ष से स्कूल में कार्य कर रहे रसोईया, सफाई कर्मी बेरोजगार हो जायेंगे, वहीं नियमो को देखकर लगता है, सरकारी स्कूल शिक्षा का मंदिर की गांरटी नहीं वरण सिर्फ भोजन की गांरटी बन कर रह जायेगा। कैसे बढ़ेगी शिक्षा की गुणवत्ता, जब सेटअप ही रहेगा कमजोर, हजारो डिग्रीधारी युवा वर्ग बेरोजगार हो जायेंगे, वहीं विडम्बना है कि मातृशक्ति को सम्मान देने महतारी वंदन में एक हजार देकर वाहवाही बटोर रही सरकार, नये सत्र से 67 नई शराब दुकान खोलने से युवओं में शराब पीने का क्रेज बढ़ते जा रहा है, शराब लोगों को आसानी से हाथों हाथ मिल रही है। प्रदेश में कानून व्ययवस्था बिगड़ते जा रहा है, अपराध लूट, डैकेती, हत्या, चोरी, लुटपाट सहित अपराध का गढ़ छत्तीसगढ़ बन रहा है। वहीं प्रदेश सरकार सुशासन राज का डिंडोरा पीट रहा है, जनता सरकार के मनमानी रवैये का समय पर जबाव जरुर देगी। ग्रामीणों द्वारा लगातार पेयजल, कानून व्यवस्था, भारतमाला परियोजना, मनरेगा का सुचारु रुप से कार्य नही होना, बिजली कटौती, अवैध खनन जैसे कई समस्याएं हैं।



■ कैसे बढ़ेगी शिक्षा की गुणवत्ता, जब सेटअप ही रहेगा कमजोर

## कृषि विज्ञान केन्द्र के कर्मचारियों को नहीं मिल रहा एनपीएस का लाभ




हरिभूमि न्यूज ▸▸ पाटन

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के अंतर्गत संचालित पाटन के कृषि विज्ञान केन्द्रों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं को संज्ञान में लाने के लिए बुधवार को रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल से मुलाकात की। कृषि विज्ञान केन्द्रों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी प्रमुख 6 सूत्रीय समस्याओं को कुलपति के समक्ष रखा जिसमें जीपीएफ, एनपीएस का लाभ न मिलना, मेडिकल तथा अन्य वैधानिक भत्तों को रोकना, कैरियर उन्नयन योजना, उच्च वेतनमान का बंद किया जाना, सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष के स्थान पर 60 वर्ष किया जाना, सेवानिवृत्ति उपरांत ग्रेच्युटी, पेंशन एवं अन्य सुविधाओं से वंचित किया जाना आदि प्रमुख है। कुलपति डॉ. चंदेल से भेंट के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया जिसके उपरान्त कुलपति डॉ. चंदेल ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा राज्य शासन एवं केन्द्र सरकार भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली को इस सबंध में पत्र प्रेषित किया गया है। उन्होंने कृषि विज्ञान केन्द्रों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आश्वासन दिलाया कि केन्द्र एवं राज्य सरकार से प्राप्त उचित दिशा निर्देशों के उपरान्त जल्द ही इन समस्याओं का निराकरण विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा। कुलपति द्वारा प्राप्त सकारात्मक आश्वासन से कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रसन्नता जाहिर की और अपनी 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।

■ समस्याओं को संज्ञान में लाने कुलपति डॉ . गिरीश को सौंपा ज्ञापन

## म्यूल खातों में सायबर ठगी, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** म्यूल खातों से सायबर ठगी करने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 317(2),317(4),318(4),61(2)ए बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि बंधन बैंक शाखा स्मृति नगर भिलाई के 13 बैंक खाता धारकों के खिलाफ विवेचना की जा रही है। विवेचना में पुलिस ने कोहका राजीव नगर निवासी उपेन्द्र गुप्ता के बैंक खाते का उपयोग करने वाले आरोपी 163 लक्ष्मी नगर वी.एन. पब्लिक स्कुल के पास सुपेला निवासी जितेन्द्र कुमार साहू ठगी की रकम के लेनदेन में होना पाया गया है।दोनो आरोपियों से पूछताछ कर बयान में संलिप्ता में साक्ष्य पाये जाने पर उपेन्द्र गुप्ता व जितेन्द्र कुमार साहू को गिरफ्तारी किया गया। कार्रवाई आईजी राम गोपाल गर्ग के नेतृत्व में डीएसपी शिल्पा साहू ,निरीक्षक तापेश्वर सिंह नेताम समेत उनकी टीम द्वारा किया गया।

## भारतीय सेना के सम्मान में निकाली सिंदूर यात्रा




**पाटन।** भारतीय सेना के शौर्य एवं साहस से सफल हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' पर सेना के जवानों के सम्मान और उत्साहवर्धन तिरंगा यात्रा निकाली गई थी। इसी परिपेक्ष्य में बुधवार को नगर पंचायत पाटन के द्वारा माताओं , बहनों के सिंदूर की रक्षा, सम्मान के लिए सिंदूर यात्रा निकली गई। जिसमें नगर पंचायत पाटन अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, नगर पंचायत सीएमओ हेमंत कुमार वर्मा, इंजीनियर अर्जुन कुमार निर्मलकर, सभापति केवल देवांगन, पाटन मंडल अध्यक्ष रानी बंछोर, पार्षद अन्नपूर्णा पटेल, पार्षद संगीता धुरंधर, रीना भाले, सुषमा देवांगन, सेजल भाले, दामिनी देवांगन, केशव बंछोर, अखिलेश मिश्रा, शरद वर्मा , चिरंजीव देवांगन नगर पंचायत पाटन के सभी कर्मचारी गण एवं पाटन नगरवासी उपस्थित थे ।

## कारोबारी पर प्राणघातक हमला, मुख्य आरोपी दीपक नेपाली फरार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

माह भर पहले अंबिकापुर जेल से छूटकर आए दीपक नेपाली ने शहर के एक कारोबारी पर प्राणघातक हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि नेपाली आदतन अपराधी है। उसका नाम महादेव सट्टा में भी सामने आ चुका है। घटना के बाद से वह फरार है। पुलिस ने उसके एक साथी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पदमश्री तंवर ने बताया 18 नंबर सड़क कैंप निवासी प्रदीप चौबे की पत्नी स्नेहा चौबे ने बुधवार देर रात वैशाली नगर पुलिस में दीपक नेपाली, शुभम यादव, उसके चाचा राम प्यारे यादव, राजा के खिलाफ थाने में शिकायत की थी। जांच शुरू करते ही शुभम यादव पुलिस गिरफ्त में आ गया। फिलहाल अन्य तीन आरोपी फरार हैं। शिकायत पर पुलिस ने बताया कि कारोबारी प्रदीप चौबे बुधवार रात 10 बजे अपने घर गया और खाना खाकर सोने चला गया। रात 10.30 बजे प्रदीप के मोबाइल पर शुभम यादव का कॉल आया। शुभम ने उसे बाहर बुलाने पर प्रदीप बाहर निकल गया। वो जैसे ही बाहर निकला बदमाश कैंप 1 का बदमाश दीपक नेपाली, शुभम, राजा, राम प्यारे ने मिलकर गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। प्रदीप ने जब विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। प्राणघातक हमला कर दिया। घटना में प्रदीप की दीपक ने गला भी दबाया। उसके सिर को दीवार पटक भी दिया। पति के ऊपर हुए हमले को देख स्नेहा चौबे आई उन लोगों ने युवकों को धक्का दिया लेकिन उसे ही आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। फिर स्नेहा ने डायल 112 में कॉल कर घटना की सूचना दी। दीपक नेपाली का नाम महादेव सट्टे में भी आ चुका है। छावनी पुलिस ने इसके खिलाफ कार्रवाई किया था।



■ वैशालीनगर पुलिस ने की कार्रवाई

### कमीशन के लिए वसूली करने पहुंचा था बदमाश

पुलिस की मानें तो प्रदीप चौबे प्रॉपर्टी का कारोबारी है। शुभम के चाचा राम प्यारे यादव ने एक मकान का उससे सौदा कराया था। सौदे में प्रदीप ने पार्टी से 12 लाख रुपए लिया। ढाई लाख रुपए लेना बाकी था। राम प्यारे उससे अपना 50 हजार रुपए कमीशन मांग रहा था। तब प्रदीप ने बोला कि ढाई लाख रुपए जो बचा है, वो रकम आने पर उसका कमीशन देगा। इसके बाद वो दीपक नेपाली को लेकर वसूली करने उसके घर पहुंच गया। बदमाश दीपक नेपाली जडेल से छूटने के बाद लगातार अपराध को अंजाम दे रहा है। पुलिस इसके खिलाफ आने वाले दिनों बड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में है। दीपक नेपाली के खिलाफ अवैध वसूली, हत्या का प्रयास, मारपीट जैसे कई अलग-अलग मामले दर्ज हैं। हत्या के प्रयास के मामले में वो काफी दिन तक जेल में रहा और कुछ दिन पहले ही अंबिकापुर जेल से छूटकर बाहर आया है।


# आवश्यकता है

हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

हरिभूमि समाचार पत्र के प्रसार कार्य हेतु दुर्ग-भिलाई शहर में 10 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।

**योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक**
**वेतन 11,000**

दिनांक - 21 मई से 23 मई 2025
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक

Resume Whatsapp करें
8370049468
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com

हरिभूमि कार्यालय, आदर्श पेट्रोल पंप के सामने, कमला मेडिकल लाईन, सुपेला भिलाई


## पीएम श्री सेजेस विद्यालय कुम्हारी में समर कैम्प का समापन

# विद्यार्थियों को शिविर में सिखाया टॉय बनाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुम्हारी

पीएम श्री सेजेस विद्यालय कुम्हारी में सात दिनों से चल रहे समर कैम्प का गुरुवार को समापन हुआ। इन सात दिनों के शिविर में बच्चों ने ब्यूटी पार्लर कोर्स एवं मिट्टी के बर्तन बनाने की कला सीखी जिसमें ब्यूटी पार्लर के लिए लक्ष्मी जंघेल एवं मिट्टी कला के लिए वेदराम चक्रधारी ने मिट्टी के बर्तन बनाना सिखाया। साथ ही ड्राइंग, पेंटिंग एवं मशरूम कल्टीवेशन गतिविधियों को भी रखा गया। मशरूम कल्टीवेशन के लिए अर्पण डे अस्सिटेंट प्रोफेसर माइक्रोबायोलॉजी विभाग रुंगटा कॉलेज से प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित थे। ड्राइंग एवं पेंटिंग क्रियाकलाप के लिए नमिता डायरेक्टर ऑफ़ स्मार्ट किड्स एवं फाइन आर्ट एकेडमी पदुम नगर से उपस्थित रही। उन्होंने बच्चों को मंडला आर्ट एवं डोकरा आर्ट की जानकारी दी इसमें लगभग 80 बच्चे शामिल हुए।

शिविर में स्पोकन इंग्लिश एवं टॉय मेकिंग गतिविधियों को भी स्थान दिया गया इसके लिए आयु अरशद आयोग द्वारा स्पोकन इंग्लिश सपोर्ट बच्चों को कराया गया जिसमें लगभग 100 बच्चों ने हिस्सा लिया। टॉय मेकिंग कला को विद्यालय की ही शिक्षिका ऋतु राव एवं रेवाती मारकंडे द्वारा गुड़िया, चिड़िया एवं भालू आदि को अपने घरेलू वस्तुओं की सहायता से बच्चों को बनाना सिखाया। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के आभूषणों का निर्माण एवं कैंडल मेकिंग रितु दुबे द्वारा सिखाया गया। विद्यालय की भूतपूर्व छात्र सत्य यादव द्वारा साबुन बनाना सिखाया गया जिसमें लगभग 100 बच्चे शामिल हुए। बच्चों ने विभिन्न प्रकार की शादियों में उपयोग होने वाले ज्वेलरी बनाना सीखे एवं हर्बल रूप से साबुन कैसे घर में बनाया जा सकता है यह कंप्यूटर के विभिन्न गतिविधियों के बच्चों को सिखाया गया जिसमें वीडियो एवं पोस्टर मेकिंग बनाना सिखाया गया। अंत में के साहू द्वारा जीवन कौशल विकास के बारे में बच्चों को प्रशिक्षित किया गया। कौशल क्या है और जीवन कौशल क्या है इसके बारे में बच्चों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

सभी कार्यक्रम सफलतापूर्वक 22 मई को संपन्न हुआ। कार्यक्रम की सराहना विद्यालय के प्राचार्य लता रघु कुमार द्वारा किया गया। पूरे कार्यक्रम का संचालन जीपी सिंह, मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक शीतल नय्यर एवं सुजीता सीआर शिक्षिका द्वारा किया गया। सप्ताह भर चले इस ग्रीष्मकालीन समय कैम्प में बच्चों ने कई जीवनोपयोगी कलाएं सीखी।



तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 23 मई, 2025



14 खुर्सीपार सीवरेज लाइन से प्रभावित 12 हितग्राहियों को मिला प्रधानमंत्री आवास


16 नवागढ़ और नेवसा समिति में एक करोड़ 88 लाख का घोटाला






# स्टंटबाज बाइकर्स पर एक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सोशल मीडिया पर रील अपलोड करने के लिए बाइकों में स्टंटबाजी करने वाले युवाओं की अब खैर नहीं है। दुर्ग पुलिस ने ऐसे सारे बाइकर्स की पहचान करना शुरू कर दिया है। मुख्य रूप से टाउनशिप, पुलगांव, रिसाली, नेहरूनगर, स्मृतिनगर, जुनवानी सहित अन्य सूनी सड़कों पर जहां इन बाइकर्स की स्टंटबाजी होती है, वहां मुखबिर सक्रिय किए जा रहे हैं। ये मुखबिर तुरंत पुलिस को खबर देंगे, इसके बाद ट्रैफिक पुलिस पहुंचकर ऐसे युवाओं पर कार्रवाई करेगी। विशेष रूप से रात को ये मुखबिर सक्रिय रहेंगे, जिन्हें ट्रैफिस पुलिस का शिकायत नंबर भी उपलब्ध कराया गया है। इसके साथ ही अपील की गई है कि दुर्ग पुलिस के सोशल मीडिया अकाउंट में वीडियो बनाकर ऐसे बाइकर्स की डिटेल दें। ऐसे ही मामलों को लेकर 4 बाइकर्स पर पुलिस ने कार्रवाई की। उनसे 38 हजार रुपए का जुर्माना वसूला। 11 मॉडिफाई सायलेंसर वाले वाहनों पर भी कार्रवाई की गई। पकड़े गए आरोपी वाहन चालकों में तुषार टंडन, जागेश्वर यादव, अभिलाश, सिंता सोनी शामिल हैं। सभी के पालकों को बुलाकर समझाइश भी दी गई।

## चार से वसूले 38 हजार, 11 मॉडिफाई सायलेंसर वाले वाहनों पर भी कार्रवाई

### रात में होते हैं सक्रिय, इसलिए बढ़ाई गई गश्त

पुलिस को मुखबिरों से खबर मिली है कि ऐसे बाइकर्स स्टंटबाजों की सक्रियता रात में ज्यादा रहती है। इसलिए रात के समय गश्त बढ़ा दी गई है। ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से अपील की है कि स्टंट करते हुए वाहन चलाने वालों को ऐसा नहीं करने की अपील करें। क्योंकि यह स्वयं तथा अन्य के लिए भी खतरनाक है। साथ ही यातायात पुलिस सभी परिजन से अपील करती है कि वे अपने बच्चे को लापरवाही पूर्वक वाहन ना चलाने समझाइश दें। यातायात नियमों का पालन कर वाहन चलाएं। स्टंटबाजों की शिकायत पुलिस कंट्रोल रूम 9479192099 में भी की जा सकती है।

## खबर संक्षेप

### स्पंज आयरन में हेराफेरी करने वाला चालक गिरफ्तार



**भिलाई।** फैक्ट्री के मॉल में हेराफेरी करने वाले वाहन चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 316(4), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि सुविधि इस्पात रसमडा चौक कमर्शियल आफिसर प्रवीण दत्त शर्मा ने पुलिस में शिकायत किया था। ट्रक सीजी 04 एमसी 6647 के चालक अमन सिंह और कंपनी के कर्मियों निखिल राजपूत, मुकेश निषाद ने मिलकर ट्रक में भरे हुए मॉल को स्पंज आयरन 49.56 टन के अतिरिक्त कंपनी को बिना जानकारी के आर्थिक नुकसान पहुंचाया। कंपनी को 1 लाख 20 हजार 630 रूपये का नुकसान हुआ। पुलिस ने पूर्व में दो आरोपी निखिल, मुकेश को गिरफ्तार किया था। लेकिन अमन सिंह फरार था। सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर अमन को गिरफ्तार किया। प्रकरण में अब तक 8 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। जिसमें फरार हेल्पर और ब्रोकर की तलाश में पुलिस है।

### फैक्ट्री में चोरी करने वाले गिरफ्तार



**भिलाई।** चोरी के मामले में पुलिस ने दो युवक और एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 331(4), 305(ए), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि वैशाली नगर निवासी राहुल अग्रवाल ने शिकायत किया था। उनका छावनी चैक पर सालासर ट्रेडर्स के नाम से फेब्रीकेशन फैक्ट्री है। जहां ताला लगाकर अपने घर आ गया था। सुबह वापस फैक्ट्री पहुंचा तो नगदी रकम 4 हजार रूपये व केबल तार चोरी हो गया। स्वास्तिक एवं रानीसती ट्रेडर्स नामक फैक्ट्री से भी रात को 5 बंडल केबल तार चोरी हुआ था।पुलिस को मुखबिर व सीसी कैमरे की मदद से संदेही खुर्सीपार निवासी रवि विश्वकर्मा उर्फ खिल्लू से पूछताछ करने पर दोस्त छावनी शंकर साव और अपचारी बालक के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया।

### पिछले साल से 3 प्रतिशत ज्यादा बारिश का अनुमान,मानसून पूर्व मेंटनेंस की खुली पोल

# दो दिन में 38 मिमी बारिश, मानसून की आहट, खर्रा बोनी शुरू

# इधर भिलाई-दुर्ग में सफाई और बिजली मेंटेनेंस व्यवस्था अधूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मानसून का आगमन इस बार जल्दी होगा। प्री मानसून 1 जून से आएगा लेकिन इसके पहले ही बारिश शुरू हो गई है। दो दिनों यानी बुधवार व गुरूवार को मिलाकर 38.6 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। इस बार मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ में 110 प्रतिशत बारिश होने की उम्मीद जताई है। इसी के साथ खेती-किसानी का दौर भी शुरू हो गया है। किसानों ने खर्रा बोनी भी शुरू कर दी है। जिले में इस बार 1.65 हजार एकड़ क्षेत्रफल में धान की फसल ली जानी है। वहीं 87 सेवा सहकारी समितियों में बीज व खाद का भंडारण भी कर लिया गया है। मौसम विभाग ने इस सीजन में पिछले साल की अपेक्षा अच्छी बारिश होने का पूर्वानुमान लगाया है। छत्तीसगढ़ में पिछले साल की अपेक्षा 3 प्रतिशत अधिक बारिश होगी। वर्ष 2024 के सीजन में 1 जून से 30 सितंबर तक 107 प्रतिशत बारिश रिकार्ड की गई थी। इस साल वर्ष 2025 सीजन में इस अवधि में 110 प्रतिशत बारिश होनी है।


रायपुर नाका में जलभराव

बिजली व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी। भिलाई टाउनशिप एरिया से लेकर पूरे क्षेत्र में बिजली दिन व रात बंद हो रही है। बुधवार की शाम जो बिजली बंद हुई वह पूरी रातभर नहीं आई। गुरुवार दिन में भी बिजली आती-जाती रही। नेवई , रिसाली, चंद्रनगर, लोकनगर, न्यू नेहरूनगर उमरपोटी कालोनी में रातभर लोग परेशान रहे।

स्मृति नगर, वैशालीनगर, सुपेला, रामनगर, छावनी, बैंकुठधाम, कैंप, खुर्सीपार, दुर्ग, दुर्ग ग्रामीण सहित गांवों तक बिजली बंद से लोगों को दिक्कतें उठानी पड़ी है। रहवासियों ने बताया कि बारिश बमुश्किल से एक घंटे हुई लेकिन बिजली 10 से 12 घंटे तक बंद कर रखा गया।

### फसल के लिए 16934 क्विंटल बीज का भंडारण

जिले में खरीफ फसल के मद्देनजर इस सीजन में 28167 क्विंटल बीज की मांग है। इस मांग के एवज में बीज निगम ने 26248 क्विंटल बीज स्टॉक में रखा है। यानी 93 प्रतिशत बीज का इंतजाम कर लिया गया है। बीज निगम से सेवा सहकारी समितियों में 16934 क्विंटल बीज का भंडारण किया गया है। जिसमें से किसान 8870 क्विंटल बीज भी ले जा चुके। राजेश्वरी व 1001 किस्म के बीज बांटे जा रहे।

### डीएपी खाद की जगह एनपीके की सुविधा

जिले के सेवा सहकारी समितियों में डीएपी खाद नहीं है। इस संकट से निपटने के लिए विकल्प के रूप में एनपीके खाद किसानों को दिया जा रहा है। इसके अलावा यूरिया, सुपरफास्फेट और पोटाश खाद समितियों में किसानों को बांटना भी शुरू कर दिया गया है। वहीं इस बार सरकार बदल जाने की वजह से नैनो वर्मी व गोबर खाद बंद कर दिया गया है।

### वेदर अलर्ट: एक सप्ताह तक गरज-चमक के साथ बारिश के बन रहे आसार

मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले एक सप्ताह तक गरज-चमक के साथ बारिश होती रहेगी। प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में नमी का आगमन निम्न स्तर पर हो रहा है। इसलिए 23 मई से कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। दुर्ग संभाग के जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है।

### ये द्रोणिकाएं हैं जिले सहित प्रदेश में सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मानसून दक्षिण अरब सागर के कुछ भाग, मालदीव, कॉमरीन क्षेत्र, दक्षिण बंगाल की खाड़ी, मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग, उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग में मानसून सक्रिय है।दक्षिण पश्चिम मानसून के कुछ और भाग में सक्रिय होने के लिए अनुकूल परिस्थितियों बनी हुई है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मंडल तक पूर्व-मध्य अरब सागर, उत्तर कर्नाटक और गोवा तट से सुदूर स्थित है। इसके प्रभाव एक कम दबाव का क्षेत्र इसी स्थान पर बना है। इसके बाद इसके और अधिक प्रबल होकर अवदाब के रूप में अगले 24 घंटे में बनने की संभावना है। (चक्रवात बनने की सम्भावना है) एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका पंजाब से पूर्वी बांग्लादेश तक हरियाणा, उत्तर प्रदेश, झारखंड, उप हिमालयीन पश्चिम बंगाल तथा सिक्किम होते हुए 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### भीषण गर्मी में मेंटनेंस के नाम पर रही घंटों बिजली बंद

विद्युत वितरण कंपंनी ने भीषण गर्मी में बारिश पूर्व बिजली मेंटनेंस के नाम पर अलग-अलग क्षेत्रों में वर्क किया। इस दौरान मेंटनेंस के नाम पर घंटों तक बिजली बंद की जाती रही। मानसून की शुरूआत ही नहीं हुई है और केवल हल्की बारिश हो रही है। लेकिन बिजली बंद की जा रही है। कहीं लो वोल्टेज की समस्या से लोग जूझ रहे हैं।

### “ प्री मानसून एक जून से

प्री मानसून एक जून से प्रारंभ होना है। जो बारिश इन दिनों हो रही है वह मानसून के पूर्व की सक्रियता है। बंगाल की खाड़ी में मानसून की हलचल तेज हो गई है। इस बार 110 प्रतिशत बारिश का पूर्वनुमान है। इसलिए खेती-किसानी के लिए अच्छा रहेगा।

- **डॉ. एचपी चंद्रा,** मौसम विज्ञानी

### “ बीज का पर्याप्त भंडारण

किसान बोनी के लिए सेवा सहकारी समितियों से बीज ले जा रहे हैं। इस बार भी बीज भंडारण पर्याप्त है।

- **सीएल बेहरा,** बीज प्रबंधक रूआबांधा

## ट्रेलर ने बाइक सवार को कुचला, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



भिलाई तीन थाना अंतर्गत इंजीनियरिंग पार्क हथखोज में तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार को कुचल दिया। बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। हादसे में एक बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक खेरधा निवासी रुपेन्द्र घृतलहरे 23 वर्ष बताया गया है। वह अपनी बाइक सीजी 07 एलबी 3404 से रिश्तेदार के पास जा रहा था। बाइक में बालक निहाल घृतलहरे भी बैठा हुआ था। घटना स्थल पर ट्रेलर सीजी 07 सीई 1397 ने बाइक को ठोकर मार दी। हादसे में बाइक सवार के सिर पर गंभीर चोट आने से मौके पर मौत हो गई। वहीं निहाल गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बालक को दुर्ग जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

- घटना भिलाई-तीन थाना अंतर्गत हथखोज की, ट्रेलर चालक फरार

मृतक का रिश्तेदार राम नाईक हथखोज के प्राइवेट कंपनी में काम करता था। उसे मिलने के लिए मृतक निकला था। घटना के बाद से ट्रेलर चालक फरार है। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने सड़क को जाम कर दिया। भिलाई तीन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया।

## महिला समूह के नाम पर 75 से ज्यादा महिलाओं से ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

महिला समूह के 75 हितग्राहियों से ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर व डीएसपी क्राइम अजय सिंह ने बताया कि भारत फायनेंसियल इन्क्लूजन लिमिटेड भिलाई तीन शाखा प्रबंधक भुनेश्वर कुंजाम ने शिकायत किया कि महिला समूह के महिलाओं से लोन, आरडी, प्रीपेमेंट व किश्त भुगतान 7 लाख 73 हजार 588 रुपए का गबन किया गया। यह गबन डोंगरीपाली निवासी संगम मैनेजर गोविंदराम के लोन का पैसा, आरडी का पैसा, प्रीपेमेंट का पैसा वसुल कर कुछ रकम शाखा में जमा कर बाकी अपने पास रख लेता था। बायोमैट्रिक लेने का झांसा देकर फिनो एप की सहायता से स्वीकृत लोन की रकम स्वयं निकाल लिया करता था। कार्रवाई में पुरानी भिलाई थाना प्रभारी अंबर सिंह भारद्वाज सहायक समेत इनकी टीम का योगदान रहा है।

- भिलाई-3 की घटनालोन, आरडी और प्रीपेमेंट के रकम को किया गबन



## सेक्टर-6 गुरुसिंघ सभा में होगा नए सिरे से चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

श्री गुरुसिंघ सभा सेक्टर-6 में नए सिरे से चुनाव होगा। सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं ने गठित कमेटी को अमान्य कर नया चुनाव कराने आदेश दिया है। गुरु सिंघ सभा के वरिष्ठ सदस्य सरदार मनजिंदर सिंह के नेतृत्व में गुरु सिंघ सभा सेक्टर-6 भिलाई के 100 से अधिक सदस्यों ने कमेटी को अवैध बताते हुए निरस्त करने एवं साफ-सुथरा निष्पक्ष चुनाव करने की मांग सहायक रजिस्ट्रार से की थी। सहायक रजिस्ट्रार ने सदस्यों की शिकायत का विधिवत परीक्षण कर गठित कमेटी को वैध नहीं पाया। सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम तथा पंजीकृत विधान की उपविधियों का उल्लंघन जांच में पाया गया। गठित कमेटी को अमान्य कर दिया गया। सरदार मनजिंदर सिंह ने बताया गया कि गुरुद्वारा सेक्टर-6 भिलाई का सबसे पुराना गुरुद्वारा है। समाज द्वारा दिए गए दान से स्थापित है। संस्था द्वारा समाज के कल्याण हेतु तथा शैक्षणिक विकास हेतु विभिन्न कार्यकम संचालित किया जा रहा हैं। इस तरह गुरुद्वारा के सार्वजनिक स्वरूप को खंडित करते हुए कुछ लोगों ने इसे निजी संपत्ति बना ली थी।

## रिसाली निगम के शौचालयों में केयर टेकर करते हैं मनमानी, हटाई जाएगी कार्य एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था को देखते हुए महापौर शशि सिन्हा एक्शन मोड में नजर आई। गुरूवार को हुए महापौर परिषद की बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि साफ-सफाई और आमजनों को दी जाने वाली सुविधाएं ठीक नहीं होने पर एजेंसी को निलंबित कर नई एजेंसी को कार्य देने के निर्देश जारी किए।

कुछ दिन पूर्व महापौर ने वार्ड 17 और 18 विजिट की थी। तब महापौर को शिकायत मिली थी कि शौचालय केयर टेकर मनमानी करते हैं। इसी शिकायत को आधार बनाते हुए महापौर परिषद के सदस्यों ने सभी 29 शौचालय की समीक्षा की। महापौर परिषद के सदस्यों ने स्पष्ट कहा कि रख रखाव ठीक नहीं रखने वाले एजेंसी को निगम तत्काल हटाए। परिषद की बैठक में जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, सनीर साहू, संजू नेताम, डॉ. सीमा साहू, ममता यादव आदि उपस्थित थे। महापौर परिषद के बैठक में बारिश के पूर्व नाले की सफाई पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही निर्माणधीन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की गुणवत्ता पर ध्यान देने कहा।



## पंजाब से चिट्टा लाकर तस्करी करने वाले दो आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

चिट्टा को पंजाब से लाकर यहां बेचने वाले दो युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 21 (क), 27 (क) एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि विशाल सिंह, अतुल कुमार, विरेंद्र पारधी, हरपाल सिंह को गिरफ्तार कर उनके पास 76 ग्राम चिट्टा जब्त किया गया। जिसकी कीमत 5 लाख 32 हजार रुपए आंकी गई है। उक्त मामले में पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ करने पर बताया कि चिट्टा सविन्द्र सिंह उर्फ सिंदा निवासी तरनतारन ने विक्रम जीत सिंह और लवप्रीत सिंह दोनों अमृतसर से चिट्टा खरीदना स्वीकार किया। पुलिस इसके लिए टीम बनाई उक्त आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये पंजाब रवाना किया गया। टीम के द्वारा पंजाब पहुंचकर तकनीकी साक्ष्य व मुखबिरो की सहायता से विक्रम जीत सिंह, लवप्रीत सिंह को पंजाब से पकड़ा गया।



### यात्रियों को मिलेगी कई सुविधाएं, अमृत भारत योजना के तहत तैयार किया गया है स्टेशन

# भिलाई-3 रेलवे स्टेशन हुआ हाईटेक, पीएम मोदी ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत भिलाई (भिलाई तीन) रेलवे स्टेशन का गुरुवार को पीएम नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल लोकार्पण किया। अतिथियों में केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू, विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, रिकेश सेन, ललित चंद्राकर समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे। भिलाई रेलवे स्टेशन को रेलवे ने नया स्वरूप प्रदान कर एयरपोर्ट की तरह यहां कई सुविधा यात्रियों को मिलेगी। केन्द्रीय मंत्री साहू ने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन का स्वरुप को बदला गया है। साथ ही पहले से काफी सारी सुविधाएं भी यात्रियों को मिलेगी। दिव्यांग यात्रियों के लिए विशेष सुविधाएं यहां पर है। जिनमें व्हीलचेयर की व्यवस्था और अलग वेटिंग हॉल शामिल हैं।





### आधुनिक सुविधाओं से लैस वेटिंग हॉल बनाए गए

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग प्रतीक्षालय (वेटिंग हॉल) बनाए गए हैं और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा गया है। रेलवे स्टेशन की दीवारों में म्यूल आर्ट, आर्कषक प्रकाश व्यवस्था, पोटर्च, प्लटेफार्म, प्रवेश द्वार, सर्कुलेटिंग क्षेत्र, पर्यावरण अनुकूल हरियाली और रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी अपडेट किया गया है। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम लाल देवांगन, महामंत्री प्रेम लाल साहू, शिरिष अग्रवाल समेत रेलवे के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

# संयुक्त कलेक्टर का पसीजा दिल, 119 को बीएलओ बताकर रोकने डीईओ को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

प्रदेशभर के स्कूलों में युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इस बीच दुर्ग के संयुक्त कलेक्टर का दील पसीज गया हैं। उन्होने जिला शिक्षा अधिकारी को एक पत्र लिखकर करीब 119 शिक्षको की ड्यूटी बीएलओ में होने का हवाला देकर उन्हें युक्तियुक्तरण में शामिल नही किए जाने की न सिर्फ हिमाकत कर दी, बल्कि उन्होने पत्र में यह भी कहा है कि, इन्हें अतिशेष की श्रेणी में न रखा जाए। इस पत्र के सामने आने के बाद कई शिक्षक संयुक्त कलेक्टर को युक्तियुक्तकरण का तोड निकालने की बात कह रह हैं।

संयुक्त कलेक्टर का यह पत्र प्रदेशभर में वाइरल हो गया है, जिससे युक्तियुक्तकरण से प्रभावित शिक्षक इसे संजीवनी मान रहे हैं। विगत बीस मई को ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दुर्ग मुख्यालय पहुंचे थे। जहां उन्होने कहा था कि पहले की सरकार द्वारा मनमानी ट्रांसफर किए जाने के कारण स्कूल में शिक्षको की कमी हो गई है। जिसे लेकर उन्होने समायोजन किए जाना आवश्यक बताया था। लेकिन इस बीच दुर्ग की संयुक्त कलेक्टर एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी वैशालीनगर लता उर्वशा ने जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा को पत्र लिखा है। संयुक्त कलेक्टर ने पत्र में इसके लिए हवाला दिया है कि, भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के परिपालन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ.ग. रायपुर का पत्र तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्ग का पत्र के निर्देशानुसार विधानसभा अंतर्गत समस्त मतदान केन्द्रों में बीएलओ की उपलब्धता की जांच नियमित रूप से करते हुए बीएलओ का कोई भी पद रिक्त न रहे एवं सभी बीएलओ के संक्षिप्त पुनरीक्षण, मतदाता सूची से संबंधित कार्यों की गुणवत्ता का नियमित रूप से अवलोकन करने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होने कहा हैं कि, वर्तमान में मतदाता सूची से डुप्लीकेट प्रविष्टियों को हटाने का कार्य जारी है, इसलिए आवश्यक है कि, बीएलओ सक्रिय रूप से एप में लागिन करे और ईआरओ नेट में कार्य करे।

## जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपी 119 बीएलओ (शिक्षक) की सूची

### चल रहा प्रशिक्षण का दौर

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ.ग. रायपुर का पत्र 14 मई 2025 के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों के वार्षिक संक्षिप्त पुनरीक्षण की घोषणा होने के पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य से प्रति विधानसभा बीएलओ को निर्वाचन प्रशिक्षण हेतु बुलाया गया है एवं पत्र क्रमांक 1664 व 15 मई 2025 के द्वारा ईआरओ लॉगिन का उपयोग कर सभी बूथ लेवल अधिकारियों के डिजाइनेशन को अद्यतन अतिशीघ्र किया जाना है। आयोग द्वारा उक्त सभी कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नियमित रूप से दैनिक मॉनिटरिंग करते हुए प्रगति की समीक्षा की जा रही है।




### निरस्त हो गया

संयुक्त कलेक्टर द्वारा जारी आदेश निरस्त हो गया है। ऐसा किसी भी तरह का पत्र अभी संज्ञान में नही हैं।
-**अरविंद मिश्रा,** डीईओ दुर्ग

### कहा -निर्वाचन कार्य होंगे प्रभावित

मतदान केन्द्रों के मतदाता सूची की सम्पूर्ण जिम्मेदारी बीएलओ की होती है। बीएलओ नियुक्त शिक्षक कर्मचारियों के द्वारा अध्यापन व्यवस्था के साथ-साथ अपने कार्यालय संस्था से समन्वय बनाते हुए निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी समय-सीमा में पूर्ण किया जाता है। ऐसी स्थिति में बीएलओ शिक्षकों का अध्यापन व्यवस्था के तहत अतिशेष मानते हुए उन्हें युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में शामिल करते हुए उनका अन्यत्र स्थानांतरण किया जाता है तो निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित होगा।

## खबर संक्षेप



### बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे अधिवक्ता

**दुर्ग।** जिला कोर्ट में पिछले छः माह से वाटर एटीएम मशीन बंद होने के कारण अधिवक्ता परेशान हो गए है। विधायक निधि से लगाए गए इस एटीएम मशीन की सुधार के लिए कई बार नगरनिगम को शिकायत की गई। इसके बाद भी मशीन को सुधारने का कार्य नही किया गया है। हालात यह है कि, भीषण गर्मी में वकीलों को पानी खरीदकर पीना पड रहा है। अधिवक्ता संघ के सचिव रविशंकर सिंह ने बताया कि, सुधार के लिए शिकायत की गई हैं।

### कोटपा एक्ट : चालानी कार्यवाही में वसूले 4 हजार

**दुर्ग।** जिले में तम्बाकू एवं अन्य मादक पदार्थों के उपयोग के नियंत्रण एवं धूम्रपान से होने वाले दुष्प्रभाव की रोकथाम के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, स्वास्थ्य व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कोटपा एक्ट 2003 के तहत चालानी कार्यवाही की गई। विश्वदीप हायर सेकेण्डरी स्कूल पदमनाभपुर एवं हाउसिंग बोर्ड काम्प्लेक्स दुर्ग एवं बस स्टैंड दुर्ग के आसपास पान दुकानों पर तम्बाकू, सिगरेट की बिक्री पर चालानी कार्यवाही की गई। औषधि निरीक्षक खाद्य एवं औषधि प्रशासन से प्राप्त जानकारी अनुसार कार्यवाही अंतर्गत धारा 4 के तहत सार्वजनिक स्थान में धूम्रपान प्रतिबंधित है। साथ ही कोटपा एक्ट की धारा 6 के तहत स्कूल के 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पाद बेचना प्रतिबंधित है एवं 18 वर्ष के कम उम्र के बच्चों को धूम्रपान एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद बेचना प्रतिबंधित है। तम्बाकू उत्पादों का सेवन करते पाए जाने पर समझाइश देने के साथ-साथ नो स्मोकिंग व नाबालिग बच्चों द्वारा तम्बाकू उत्पादों पर खरीदी ब्रिकी पर प्रतिबंध का बोर्ड लगाते हुए कुल 26 चालानी कार्यवाही की गई। जिसमें कुल 4310 रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया।

### वार्ड 35 में चला विशेष सफाई अभियान

**दुर्ग ।** बारिश से पहले चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत वार्ड 35 शिवनाथ नदी गंजपारा चौक से महमरा नदी मार्ग नया पारा में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। कमिश्नर ने अन्य चौराहों का निरीक्षण कर नगर निगम के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## जवाब-तलब : केसीसी से निकाला कर्ज और खर्च बताकर करोड़ों की बंदरबाट

# नवागढ़ और नेवसा समिति में एक करोड़ 88 लाख का घोटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

किसानों की जानकारी बगैर ऋण खाते से करोडों रूपए निकालकर बडे घोटाले को अंजाम दिया गया है। नवागढ सौ नेवसा समिति के प्रबंधक ने इसके आड में एक करोड 88 लाख रूपए से अधिक की राशि का वारा-न्यारा कर राज्य शासन के खजाने को करोडों रूपए का नुकसान पहुंचाया है। इस मामले के खुलासे के बाद सीईओ ने प्रबंधको को आरोप पत्र भी जारी कर दिया है।

जानकारी अनुसार शाखा नवागढ़ एवं नेवसा समिति के प्रभार के दौरान समिति प्रबंधक नरेन्द्र ठाकुर द्वारा नवागढ़ समिति में अवैधानिक रुप से बैंकिंग नियमों के विरुद्ध समिति के केसीसी ऋण खाते में कृषकों के बिना ही ऋण वितरण बताकर राशि सेविंग खाता में जमा किया। जिसके बाद धान उपार्जन के नाम पर इसी राशि को संदेहास्पद बिलों का भुगतान करना बताकर करोडों रूपए घटक लिया गया। जांच में पाया गया कि, फर्जी भुगतान बताकर इनके द्वारा एक करोड 88 लाख से अधिक की गडबडी की गई हैं।

इस मामले के सामने आने के बाद प्रबंधक को कारण बताओं नोटिस भी जारी किया गया था। जिसमें प्रबंधको ने गडबडी होना भी स्वीकार किया था। लेकिन कार्यवाही नही हुई थी। वर्तमान में सीईओ एसके जोशी के यहां आने के बाद उन्होने जांच शुरू कर दी है। उन्होने प्रबंधको को आरोप पत्र जारी किया हैं। प्रबंधक ने नवागढ़ में प्रभार के दौरान 30 जनवरी 2021 को समिति के संचालक मण्डल की बैठक आहुत कर धान खरीदी में अत्यधिक राशि खर्च होना बताकर बिलों की भुगतान करने 60 लाख रुपये का केसीसी ऋण बैंक से लेने बताया गया। इस राशि को ऋण खाते में जमा करने के बजाय सेविंग खाते में जमा किया गया।

### जांच में मिली पौने दो करोड़ से अधिक की गड़बड़ी, रिकवरी की तैयारी




### ब्याज वसूली की तैयारी

इस तरह समिति नवागढ़ में प्रथम दृष्टया प्रारंभिक जांच रिपोर्ट अनुसार 1 करोड 52 लाख बत्तीस हजार इकहत्तर रु. तथा समिति नेवा में एक करोड अठयासी लाख अठत्तर हजार दो सौ आठ रूपये नियम विपरीत ढंग से जमा किया गया है। जांच में पाया गया कि, नवागढ़ और नेवसा को गंभीर आर्थिक नुकसान हुआ, जिसमें ब्याज वसूली प्रबंधक से वसूली की तैयारी है।

### किसानों को जानकारी ही नहीं दी

दूसरी बार प्रबंधक द्वारा अवैधानिक तरीके से संचालक मण्डल की 31 अप्रैल 2021 को बैठक बुलाकर राशि 40 लाख रूपए का केसीसी ऋण बिना कृषकों के स्वीकृत कराया गया एवं सेविंग सभा में जमा कर सेविंग आहरण के माध्यम से धान खरीदी व्यय बिलों का भुगतान किया गया, जांच में यह संदेहास्पद एवं बैंकिंग नियमों के विपरित पाया गया। यही नही तीसरी बार पुनः संचालक मण्डल की बैठक बुलाकर 30 नवंबर 2021 के प्रस्ताव में 20 लाख रुपये कृषकों के बिना केसीसी ऋण स्वीकृत कराया एवं सेविंग सभा के माध्यम से समायोजन कराकर धान खरीदी व्यय बिलों का फिर से भुगतान करना बताया गया। इस प्रकार तीन बार एक करोड़ बीस लाख रुपये का फर्जी तरीके से केसीसी ऋण स्वीकृत कराकर सेविंग सभा में समायोजन पश्चात सेविंग से राशि आहरण कर संदेहास्पद बिलो का भुगतान किया गया।

### नेवसा समिति में इसी तरह रचा षडयंत्र

प्रबंधक नरेन्द्र ठाकुर ने नवागढ के आलावा समिति नेवसा के प्रभार के दौरान 22 जुलाई 2021 को संचालक मण्डल की बैठक बुलाकर दस लाख रुपये अवैधानिक तरीके से केसीसी ऋण बैंक से लेकर धान खरीदी में हुए बिलों का भुगतान बताया गया। इसी प्रकार 16 दिसंबर 2021 को बैठक में बीस लाख खरीदी में खर्च बताकर निकाला गया। उस समय प्रबंधक नरेन्द्र ठाकुर समिति नेवसा के प्राधिकृत अधिकारी थे एवं प्रभारी पर्यवेक्षक नवागढ़ परिक्षेत्र के पद पर भी थे। इस तरह समिति नेवसा में कुल तीस लाख रुपए का फर्जी तरीके से केसीसी ऋण लेकर सेविंग में जमा कर संदेहास्पद बिलो का भुगतान बताया, जिस जांच में घोर आपत्ति जनक एवं बैंकिंग नियमों के विपरीत पाया गया। इस तरह ऋण खातों में जमा न कर सेविंग खाते में राशि जमा करने से बैंक डूबत की ओर चला गया है।

**आरोप पत्र जारी**

प्रबंधक का यह कृत्य गंभीर दुराचरण की श्रेणी में आता है तथा बैंकिंग नियम के विरुद्ध है। बैंक कर्मचारी सेवा नियम 56-एक (7) (14) (17) के अंतर्गत दण्डनीय है। उन्हें जांच के बाद आरोप पत्र जारी कर दिया गया हैं, जवाब मिलने पर कडी कार्यवाही की जाएगी। -**एसके जोशी,** सीईओ जिला सहकारी बैंक दुर्ग

# कमिश्नर के बजाय द्वितीय अपील एडीएम कोर्ट में दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

खेती की जमीन की ओर जाने वाले आम रास्ते पर कब्जा किए जाने के मामले में द्वितीय अपील संभागायुक्त के कोर्ट में किया जाना था। नायब तसीलदार के फैसले के विरूध्द उत्तरदावादी प्रथम अपील अनुविभागीय अधिकारी कोर्ट में लगाया गया, वही द्वितीय अपील संभागायुक्त कोर्ट में लगाया जाना था। लेकिन उत्तरवादी द्वारा लगाए गए अपील को तत्कालीन एडीएम अरविंद ने अपनी कोर्ट में दर्ज कर लिया गया।

- सूचना के अधिकार के तहत मांगनी पड़ी जानकारी

इस मामले में दूसरे पक्ष ने प्रधानमंत्री से शिकायत कर दी थी। केन्द्र से राज्य शासन को जांच के निर्देश दिए जाने के बाद मामला प्रकाश में आया और संभागयुक्त द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग को पत्र भी लिखा गया था। लेकिन कार्यवाही नही हुई है। इस मामले में आशीष अशोक ताम्रकार ने पीएम को पत्र लिखकर एडीएम को बर्खास्त करने मांग की हैं। शिकायतकर्ता आशीष अशोक ताम्रकार ने बताया कि, उन्होने सूचना के अधिकार के तहत जानकारी प्राप्त हुई। इस मामले को एडीएम कोर्ट में लटकाकर रखा गया था।

उन्होने बताया कि, बोडेगांव ग्राम ननकट्टी में खेती जमीन है। खेती जमीन तक पहुंचने आम रास्ता था, इस आबादी जमीन को शत्रुघन साहू द्वारा स्वामित्व की जगह बताकर कब्जा किया गया हैं। कब्जे के कारण किसानों को अपने खेतों तक आने जाने रास्ता नही मिल पा रहा हैं। जिसकी शिकायत उन्होने जिला प्रशासन से की थी। लेकिन कार्यवाही नही होने पर उन्होने पीएम और मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था।

### संभागायुक्त ने निरस्त किया प्रकरण

एडीएम द्वारा 9 मई 2023 क्षेत्राधिकारिता विहीन फैसला किया गया है अर्थात शिकायतकर्ता के द्वारा कृत शिकायत निराधार नहीं है। क्योकि न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग दुर्ग में शिकायतकर्ता के द्वारा अधीनस्थ न्यायालय के आदेश के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की गई थी तथा अपीलार्थी आषीश ताम्रकार आ. अशोक ताम्रकार का अपील ग्राह्य कर न्यायालय आयुक्त, दुर्ग संभाग दुर्ग के राजस्व अपील प्रकरण क्र. 642 अ-68 वर्ष 2022-23 में पारित आदेश 27 जून 2024 में ःविवेचना के आधार पर अधीनस्थ न्यायालय अपर कलेक्टर, दुर्ग द्वारा पारित आदेश 9 मई 2023 क्षेत्राधिकार विहीन होने से निरस्त किया जाता है।

### वार्ड 20 में समाधान शिविर आज

**दुर्ग।** सुशासन तिहार 2025 के तृतीय चरण के लिए समाधान शिविर का आयोजन 5 से 27 मई तक समय सुबह 10 से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 23 मई को वार्ड 20 कुशाभाऊ ठाकरे भवन आदित्य नगर में शिविर लगाया जाएगा।

# एक देश एक चुनाव के लिए विधायक ने मांगा अधिवक्ता संघ से समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला अधिवक्ता संघ द्वारा न्यायालय के कांफ्रेंस हाल में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें संघ की ओर से बड़ी संख्या में उपस्थित अधिवक्ताओं ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ की अध्यक्ष नीता जैन ने कहा कि अधिवक्ताओं की समस्याओं को लेकर विधायक रिकेश सेन सदैव मुखर रहे है। भविष्य में भी वह संघ को इसी तरह सहयोग प्रदान करते रहेंगे। विधायक श्री सेन ने कहा कि अधिवक्ताओं द्वारा जो विषय मेरे संज्ञान में लाया जाएगा मै उसे पूरा करने का भरसक प्रयास करूंगा। अपने उद्बोधन में उन्होंने संघ के अधिवक्ताओ के लिए कम कीमत पर आवासीय प्लाट उपलब्ध कराने, अधिवक्ताओ के बीमार होने की दशा में आरोग्यम हॉस्पिटल में डेढ़ लाख तक के इलाज में 60 प्रतिशत की छूट दिलाने,बार रूम नंबर 4 के निर्माण कार्य के लिए शासन में रुकी हुई ढ़ाई करोड़ रुपए की राशि को 2 माह के भीतर वापस लाने आश्वस्त किया तथा संघ की मांग पर साउंड सिस्टम देने की घोषणा की है। उन्होंने



भारत के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन एक राष्ट्र- एक चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं से समर्थन मांगा, जिसे अधिवक्ताओं ने हाथ उठाकर अपना समर्थन प्रदान किया ।

कार्यक्रम का संचालन संघ के सचिव रविशंकर सिंह आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष अनिल जायसवाल ने किया कार्यक्रम में संघ की महिला उपाध्यक्ष उमा भारती साहू,सह सचिव राकेश कुमार यादव, ग्रन्थालय सचिव बजरंग श्रीवास्तव सदस्यगण रविश राजपूत,पंडित अजय मिश्रा, अजय शर्मा, विक्रम पारख,नितेश साहू, दमयंती चंद्राकर, मीडिया प्रभारी दानिश परवेज, वरिष्ठ अधिवक्ता विजय कसार,सुनीता चोपड़ा,ललित आडील,इमाम खान,ललित तिवारी,गुलाब पटेल, कौशल किशोर सिंह, प्रकाश शर्मा आदि मौजूद थे।

# पत्नी की हत्या पर आजीवन कारावास, नाचने के विवाद में आठ को उम्रकैद की कोर्ट ने सुनाई सजा

### पत्निहंता को आजीवन कारावास

**दुर्ग।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विनोद कुजूर ने दोष सिद्ध होने के बाद पत्नी की हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास और एक हजार रुपए अर्थदंड दिया है। अभियोजन के अनुसार 27 जुलाई 2003 को रात एक से दो बजे के बीच भागवत चौक लेबर कैंप जामुल के मकान में आरोपी देवकुमार उर्फ देवा पिता स्व. गोवर्धनलाल साहू 44 वर्ष ने अपनी पत्नी चमेली बाई के सिर पर लोटे से वार कर हत्या कर दी थी। जामुल पुलिस ने धारा 302 के तहत जुर्म पंजीबद्ध कर विवेचना उपरांत आरोपी पति देवकुमार उर्फ देवा को गिरफ्तार कर दुर्ग कोर्ट में विचारण के लिए मामले को प्रस्तुत किया। जानकारी के अनुसार आरोपी देवकुमार अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था। इसी वजह से स्टील के लोटे से घटना दिनांक को वार कर पत्नी चमेली बाई को लहूलुहान कर दिया था। जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विनोद कुजूर ने परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर दोष सिद्ध पाते हुए पत्निहंता देवकुमार उर्फ देवा को आजीवन कारावास व 1000 रुपए अर्थदंड का निर्णय पारित किया है। अर्थदंड नहीं पटाने पर 6 माह का कारावास आरोपी को भोगना होगा। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक



### घराती-बाराती में हुई थी मारपीट

**दुर्ग।** अष्टम अपर सत्र न्यायाधीश पीएस मरकाम ने हत्या के एक मामले में दोष सिद्ध पाए जाने के बाद युवक की हत्या के आठ आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। विवाद बारात में डांस करने और गुलाल फेंकने को लेकर हुआ था। विवाद के दौरान बाराती बस में जमकर तोड़फोड़ भी हुई थी। मामला जेवरा चौकी क्षेत्र अंतर्गत बाजार चौक पांडे मोहल्ला सिरसाखुर्द का है। घटना 7 जुलाई 2021 को रात 9.30 बजे की है। वकील सूरज शर्मा ने बताया कि थाने में प्रार्थी आकाश यदु और आयुष यादव ने शिकायत की थी। दोनों पक्षों में विवाद के बाद जमकर लाठी डंडे चले थे। इसमें हेमचंद उर्फ हर्ष यादव की मौत हो गई थी। उसके सीने पर धारदार हथियार से वार किया गया था। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 147, 302, 149, 323 और 427 के तहत मुकदमा दर्ज किया था। सुनवाई के बाद आरोपी सूरज यादव, संजय यादव, रुपेश यादव, हितेश पांडे, उमेश यादव, घनश्याम कुंभकार, कुलदीप और ओंकार कुम्हार को कोर्ट ने दोषी पाया। सभी आरोपी पुलगांव थाना अंतर्गत सिरसाखुर्द, जेवरा सिरसा के रहने वाले हैं। सभी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही सभी आरोपियों पर अर्थदंड भी लगाया गया है। शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक राकेश यादव ने की।

## कई कार्य और सेवाएं आउटसोर्स पर, यूनियनें खोलेंगी मोर्चा

# एफएसएनएल के बाद बीएसपी में भी निजीकरण का शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भिलाई इस्पात संयंत्र के किस्तों में हो रहे निजीकरण का खामियाजा नियमित कर्मचारियों और ठेका मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है। पिछले दो दशकों के दौरान बीएसपी के कई अनुभाग व काम आउटसोर्स पर चल रहे हैं। इसका यूनियनों द्वारा पुरजोर विरोध किया जा रहा है। देशव्यापी औद्योगिक विरोध प्रदर्शन के बाद यूनियनों द्वारा अब सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण के खिलाफ के खिलाफ जुलाई में राष्ट्रव्यापी हड़ताल की घोषणा की गई है।

- नियमित कर्मचारियों के साथ ठेका मजदूरों पर बढ़ा वर्कलोड



उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार की विनिवेशीकरण की नीति के चलते सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण का यूनियनों द्वारा पुरजोर विरोध किया जा रहा है एफएसएनएल के बाद बीएसपी में बढ़ती आउटसोर्सिंग से अब कर्मचारियों को सेल के इस सबसे बड़े सार्वजनिक उपक्रम के निजीकरण का अंदेशा सता रहा है। यूनियनों के मुताबिक पिछले दो ढाई दशकों के दौरान बीएससपी में कई विभागों की सेवाओं व कार्यों को निजी कंपनियों को ठेके पर दिया जा चुका है। सफाई कार्य प्लांट के अंदर कई यूनिटो में मेंटेनेंस और आवासों में मीटर रीडिंग का काम निजी कंपनियां कर रही हैं।

सेक्टर नौ हास्पिटल में क्लीनिंग, हेल्प डेस्क, वार्ड ब्वाय और कई विशेषज्ञ चिकित्सक भी आउट सोर्स पर हैं। मैत्रीबाग के भी कई कार्य निजी कंपनी देख रही हैं। बीएसपी के अंदर आउटसोर्स कंपनियों के बीस हजार कर्मी काम कर रहे हैं। इसके चलते नियमित कर्मियों व श्रमिकों पर वर्कलोड के साथ आगे बीएसपी पर निजीकरण का शिकंजा कसने का यूनियनों के अंदेशा सता रहा है।

### यूनियनें कर्मियों को कर रहीं एकजुट

बीएसपी में आउटसोर्सिंग बढ़ने यानी निजीकरण का शिकंजा कसे जाने का श्रमिक संगठनों द्वारा भरसक विरोध किया जा रहा है। केंद्रीय यूनियनों द्वारा सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण को रोके जाने की मांग के खिलाफ कई बार देशव्यापी आंदोलन किया जा चुका है। सीटू के महासचिव जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी बताते हैं कि सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण से श्रमिकों के हितों पर हितों पर कुठाराघात हो रहा है। इसके विरोध में बीस मई के सफल देशव्यापी औद्योगिक विरोध प्रदर्शन के बाद अब जुलाई में राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी। एटक के महासचिव विनोद कुमार सोनी बताते हैं कि सार्वजनिक उपक्रम लाखों कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा का सबसे बड़ा माध्यम है। निजीकरण से देश व कर्मियों को नही सिर्फ मालिका को लाभ होगा।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 23 मई 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129




04

जिमवियर का फैशन

## लाइव इवेंट

### मेडिटेशन कोर्स में सिखाई जा रही शरीर को स्वस्थ रखने की कला, योगाभ्यास भी



**दुर्ग।** आर्ट ऑफ लिविंग में 6 दिवसीय हैप्पीनेस कोर्स शुरू हो चुका है। स्वस्थ जीवन जीने के लिए योग क्रियाओं और योग आसनों का अभ्यास कराया जा रहा है। लोगों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक आध्यात्मिक गुरु रविशंकर के मार्गदर्शन में प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा ज्ञान, ध्यान एवं योग साधना का 6 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर (हैप्पीनेस कोर्स) का आयोजन 25 मई तक स्टेशन रोड के सामने स्थित वाणी होटल में किया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर में सुबह 6 से 9 बजे तक चलने वाली कार्यशाला में जीवन जीने की कला के विभिन्न उपायों पर प्रकाश डाला गया, साथ ही विभिन्न व्यायामों के माध्यम से शरीर को स्वस्थ रखने की कला सिखाई गई। यह कोर्स योग और ध्यान के माध्यम से स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है। इस कोर्स में योग क्रियाओं और योग आसन की जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण शिविर में उत्साह को बनाए रखने के लिए विभिन्न तरह के गेम खिलाए जा रहे है।

- आर्ट ऑफ लिविंग का 6 दिवसीय कोर्स 25 मई तक आयोजित

#### बताए जा रहे तनाव मुक्त रहने के तरीके शव आसन की प्रैक्टिस भी

शिविर में योगासन, शवआसन और प्राणायाम की प्रैक्टिस के साथ सुदर्शन क्रिया कराई जा रही है। साथ ही शिविर में लोगों से सुदर्शन क्रिया का अनुभव पूछा जा रहा है, जिसमें लोगों ने अपना अनुभव बताते कहा कि हमारा मन शांत है मन में कोई विचार नहीं है, कोई तनाव नहीं है, ऐसा लगा जैसे कई वर्षों का तनाव हमारे अंदर से निकल गया है, हमारा मन अभी विचार शून्य हो गया है और अंदर एक आनंद और खुशी की अनुभूति हो रही है पूरा शरीर हल्का महसूस हो रहा है।

## सिटी इवेंट

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन शुरू, 31 जुलाई तक आवेदन

**भिलाई।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह पुरस्कार पांच से 18 वर्ष से कम आयु (31 जुलाई 2025 तक) के बच्चों को दिया जाएगा। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले बच्चों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। पुरुस्कार के लिए जिन बच्चों ने बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रद्योगिकी, पर्यावरण के क्षेत्र में असाधारण पहचान हासिल की है तथा कला एवं संस्कृति और नवाचार जो राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता के पात्र हैं, वे आवेदन कर सकते हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने जानकारी दी कि नामांकन https://awards.gov.in/ पोर्टल के माध्यम से केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। पात्र बच्चों के लिए नामांकन की आयु सीमा 5 से 18 वर्ष तय की गई है। कोई भी व्यक्ति या संस्था ऐसे प्रतिभाशाली बच्चों को नामांकित कर सकती है। इच्छुक बच्चे स्वयं भी आवेदन कर सकते हैं। नामांकन के लिए पंजीकरण के दौरान आवेदकों को अपना नाम, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, ईमेल, आधार संख्या सहित अन्य जानकारी देनी होगी। इसके बाद प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 श्रेणी का चयन कर आवेदन भरना होगा। आवेदन पत्र में उपलब्धियों का 500 शब्दों का संक्षिप्त विवरण, आवश्यक दस्तावेज (पीडीएफ, अधिकतम 10 फाइलें) और हालिया फोटो (जेपीजी/पीएनजी) अपलोड करना अनिवार्य है। आवेदन ड्राफ्ट के रूप में सेव कर अंतिम तिथि से पहले संपादित कर जमा किया जा सकता है। अधिक जानकारी व आवेदन हेतु https://awards.gov.in/ पर विजिट कर सकते हैं। सरकार का उद्देश्य इन पुरस्कारों के माध्यम से देशभर के युवाओं की प्रेरणादायक उपलब्धियों को पहचान देना और बच्चों के समग्र विकास के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार करना है।

## सिटी इवेंट

### राजेंद्र पार्क में रानी अहिल्याबाई होलकर की जीवनी पर प्रदर्शनी आज

**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय व प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आव्हान पर पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य में देश भर में अभियान अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में भाजपा जिला दुर्ग द्वारा रानी अहिल्या बाई होल्कर की जीवनी पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन 23 मई दिन शुक्रवार को दुर्ग के राजेंद्र पार्क दुर्ग में शाम 6 बजे से किया जाएगा। आयोजित प्रदर्शनी में बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, विधायक गजेंद्र यादव, महापौर अल्का बाघमार खादी एवं ग्रामोद्योग के अध्यक्ष राकेश पांडेय, जितेन्द्र साहू, सुरेन्द्र कौशिक, ईश्वर साहू, जितेन्द्र वर्मा सहित अन्य मौजूद रहेंगे। इस अवसर विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया है, जिसमें अहिल्या बाई के जीवन संघर्ष और सामाजिक उत्थान के लिए किए गए कार्यों पर मंथन किया जाएगा।



---

● 22 मई 2010 को किया गया था उद्घाटन, गुरुवार को 15 वर्ष हुए पूरे, कई बुजुर्ग कर रहे जीवन यापन

# जिस टेंटनुमा झोपड़े में रशियन इंजीनियरों को ठहराया गया, आज वह बुजुर्गों का आश्रय स्थल, सियान सदन के रूप में मिली पहचान

बीएसपी की पहचान सिर्फ उसकी इस्पात उत्पादन क्षमता से नहीं होती, बल्कि उस विचारधारा से होती है, जो देश की नींव रखने के साथ मानवीय मूल्यों को भी संजोए रखती है। एक ऐसा औद्योगिक नगर जो 23 हजार एकड़ में फैले होने के बाद भी एक परिवार की तरह धड़कता है। स्कूल, अस्पताल, खेल मैदान, बाजार और इन सबसे आगे यहां का अपनापन। और यही अपनापन झलकता है सियान सदन की इमारत में, जो न केवल एक आश्रय स्थल है, बल्कि उम्र के आखिरी पड़ाव पर उम्मीदों का घर भी है। 15 वर्ष पहले जिस सियान सदन को शुरू किया गया, वह आज बुजुर्गों का आश्रय स्थल बन चुका है।




**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना 1955 में भारत और तत्कालीन सोवियत रूस की साझेदारी से हुई। 1956 में जब रूसी विशेषज्ञों का दल संयंत्र की शुरुआत के लिए भारत आया, तो उन्हें दुर्ग स्टेशन के पास दो कमरों वाले एक गेस्ट हाउस में ठहराया गया। बाकी रूसी इंजीनियरों ने उसी परिसर में टेंट लगाकर रहना शुरू किया। यही वह जगह थी, जहां बाद में भिलाई हाउस का निर्माण हुआ। एक ऐसा स्थाई निवास जिसने इस औद्योगिक रिश्ते को मानवीय गरिमा दी। समय के साथ इस भवन का एक हिस्सा विकसित होता गया और 2010 में वह सियान सदन के नाम से पहजाने जाने लगा। एक ऐसा आश्रय जो लोहे के इस शहर में संवेदना की छांव बनकर उभरा।

22 मई 2010 को जब भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्कालीन कार्यपालक निदेशक पीके अग्रवाल ने सियान सदन का उद्घाटन किया, तब यहां मात्र 20 कमरों की सुविधा थी। लेकिन आज इसकी दीवारों में बुजुर्गों की मुस्कराहटें, उनके अनुभव और आत्मसम्मान की गूंज समाई हुई हैं। 2024 में जब इसके 20 और कमरे जोड़े गए, तब यह सिर्फ एक विस्तार नहीं था। यह एक विचार था कि उम्र चाहे कोई भी हो, इज्जत और सहारा हर किसी का अधिकार है।

हर साल 10 अक्टूबर को जब वरिष्ठ जन दिवस मनाया जाता है, तो यह सिर्फ एक आयोजन नहीं होता, यह एक कृतज्ञ समाज की अभिव्यक्ति होती है।

### बीएसपी के सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी का आश्रय स्थल

बीएसपी के सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने बताया कि सियान सदन सिर्फ ईंट-पत्थरों से बनी इमारत नहीं, बल्कि भिलाई इस्पात संयंत्र की उस सोच का विस्तार है, जो अपने कर्मियों को कभी अकेला नहीं छोड़ती। कई कर्मयोगियों की कहानी यह बताती है कि कोई भी औद्योगिक इकाई, जब संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व को अपना आधार बना ले, तो वह सिर्फ उत्पादन केंद्र नहीं, बल्कि एक जीवनदायिनी संस्था बन जाती है। भिलाई इस्पात संयंत्र ने यह साबित किया है कि इस्पात केवल निर्माण का माध्यम नहीं, बल्कि सम्मान और संवेदना का प्रतीक भी बन सकता है। जहां हर बुजुर्ग को फिर से अपनेपन का एहसास होता है।

### पेशावर में जन्में, लाहौर में पढ़े, विभाजन की त्रासदी झेली, यूक्रेन में ली ट्रेनिंग, आज सियान सदन में बिता रहे दिन

बीएल धिंगड़ा एक ऐसा नाम है, जो विभाजन के दर्द से लेकर राष्ट्र निर्माण की यात्रा तक का साक्षी रहा है। पेशावर में जन्मे, लाहौर में पढ़ाई करते समय विभाजन की त्रासदी ने उन्हें विस्थापन की राह पर ला खड़ा किया। मां की मृत्यु, शरणार्थी कैंप और फिर ज़िंदगी को फिर से खड़ा करने की जद्दोजहद थी। यह उनकी शुरुआती कहानी है। 1949 में वायुसेना में भर्ती होकर देश सेवा की और बाद में हिंदुस्तान स्टील के एक विज्ञापन ने उनके जीवन को नया मोड़ दिया। यूक्रेन जाकर प्रशिक्षण लिया। 1959 में भारत लौटकर भिलाई इस्पात संयंत्र की नींव में योगदान दिया। 1988 में सेवानिवृत्ति और फिर अकेलेपन के लंबे वर्ष। पैसों की कमी, पत्नी की मृत्यु,बेटियों के यहां कुछ दिन, किराए के मकान में जीवन, पर एक सुकून और घर की तलाश हमेशा रही। इस बीच कभी टूटे नहीं। 2016 में जब उन्होंने सियान सदन के बारे में जानकारी हुई तो उन्होंने यहां का रुख कर लिया। आज हर शाम अन्य बुजुर्ग साथियों के बीच बैठकर हंसी-ठहाके लगते हैं। कुछ पल साझा करने के लिए एक कंधा होता है।

---

# सामाजिक एकजुटता के साथ हर किसी के सहयोग का लिया संकल्प

**भिलाई।** उड़िया समाज कल्याण समिति भिलाई के गठन के एक वर्ष पूर्ण होने और समिति का रजिस्ट्रेशन होने पर भिलाई इस्पात क्लब सेक्टर-8 में सामाजिक मिलन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजयुमो के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीष पांडेय ने समिति के गठन के सफल एक वर्ष पूर्ण होने पर सभी उपस्थितजनों को शुभकामनाएं दी। पांडेय ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में एकता और प्रगति का संदेश देते हैं। उड़िया समाज कल्याण समिति समाज से जुड़े लोगों की सुख व दुख की परिस्थिति में परिवार बनकर एक दूसरे की मदद करने का बीड़ा उठाया जा रहा है। यह सराहनीय प्रयास है। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष अर्जुन महानंद, उपाध्यक्ष इंकलाब बाग, सचिव रौनिक महानंद, कोषाध्यक्ष सुमन तांडी, सहसचिव सूरज तांडी, कार्यकारी सदस्य राजा तांडी, मुकता बाग, छबि तांडी, रानी छुरा, पूजा महानंद, अगस्टी तांडी, सरोज हरपाल, संध्या नाग, मौसमिता तांडी, विवेक सागर सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।





# जिला निषाद केंवट समाज के सम्मेलन में लेखकों का होगा सम्मान, सीएम करेंगे पुस्तक का विमोचन

**भिलाई।** शहीद दुर्वासा लाल निषाद एवं हमारा बालोद जिला इस पुस्तक का विमोचन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ग्राम भिलाई में करेंगे। 25 मई को दोपहर 3 बजे से यह कार्यक्रम आयोजित है। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुंडरदेही विधायक कुंवरसिंह निषाद करेंगे। पुस्तक का संपादन साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा ने किया है। उन्होंने बताया कि बालोद जिले के सांस्कृतिक, राजनैतिक, भौगोलिक इतिहास एवं खानि नगरी राजहरा पर इस ग्रंथ में शोधपरक आलेख हैं। प्रतिभागी लेखकों को मुख्यमंत्री सम्मानित करेंगे। सम्मानित होने वाले लेखक मुनीलाल निषाद, बद्रीप्रसाद पारकर, शिवकुमार गायकवाड़, डॉ. अशोक आकाश, डॉ. शिरोमंणि माथुर, विजय वर्तमान एवं स्मिता वर्मा हैं। इस ग्रंथ में केंवट समाज का इतिहास तथा सामाजिक विकास पर लेख है। बालोद जिले के प्रमुख व्यक्तियों, स्थानों, कलाकारों पर आलेख है। तीज-त्यौहार, देवस्थल एवं शहीदों पर भी सविस्तार आलेख है। बालोद जिले का महत्वपूर्ण इतिहास पहली बार पुस्तक के रूप में प्रकाशित है। पुस्तक के विमोचन के अवसर पर प्रमुख साहित्यकार, कलाकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता आमंत्रित हैं। यह समारोह बालोद जिला केंवट निषाद समाज के जिला सम्मेलन के विराट सम्मेलन में होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित वैचारिक उद्बोधन भी इस अवसर पर होगा।



---

**अंग्रेजीराज का 1936 का राजस्व रिकार्ड है कमेटी के पास, लाखों लोग जुटते हैं हर साल उर्स पर यहां**

**कार्नर न्यूज**

# ब्रिटिशकाल के दस्तावेजों में दर्ज है सैयद बाबा की मजार, कौमी एकता की मिसाल है भिलाई-तीन का उर्स

भिलाई। कुतुब ए भिलाई हजरत सैय्यद बाबा रहमतुल्लाह अलैहि की दरगाह का चार दिवसीय उर्स गुरुवार 22 मई से शुरू हो चुका है। अंग्रेजी ...ज के दस्तावेजों के आधार पर यह जगह करीब ...ाल पहले से राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। यहां ...र्स भी कौमी एकता की मिसाल है। यहां हर ...म व मजहब के लोग मिल कर उर्स पाक मनाते हैं। यहां हर समुदाय की आस्था है और चार दिवसीय उर्स में दूर-दूर से लोग आते हैं।

कुतुब ए भिलाई हजरत सैय्यद बाबा रहमतुल्लाह अलैहि की दरगाह कितनी पुरानी है, इस बारे में ज्यादातर लोग अंजान थे। लेकिन वर्तमान में मस्जिद-मजार से जुड़े लोगों ने यहां से जुड़ा ब्रिटिशकालीन राजस्व रिकार्ड निकाला है। जिसके मुताबिक साल 1936-37 में वर्तमान जगह को 'सैयद बाबा का कबर स्थान' के तौर पर दर्ज किया गया है। इसकी पुनरावृत्ति बाद के रिकार्ड में भी है।

### भूपेश की दादी ने देखा था सैयद बाबा को

रेलवे से रिटायर हाजी हमीद अशरफी बताते हैं-बाबा यहां कब आए इस बारे में किसी को नहीं मालूम। वह खुद 1960 में भिलाई पहुंचे थे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बड़े पिताजी और यहां के प्रमुख राजनीतिक-सामाजिक व्यक्तित्व श्यामाचरण बघेल तथा पचकौड़ दाऊ के पास तब हम लोग बैठा करते थे। तब खुद श्यामचरण बघेल बताते थे कि उन्होंने बचपन से यहां खुले में बनी कब्र देखी है और बाबा को नहीं देखा। हाजी हामिद के मुताबिक तब दाऊ श्यामाचरण बघेल की बुजुर्ग मां हम लोगों को बताया करती थी कि उन्होंने बाबा को देखा था। वह बताती थीं कि एक बुजुर्ग एक रोज सफेद घोड़े पर आए और इसी जगह ठहर गए। उसके बाद लोग उनके पास जाते थे।



### बाबा ने कहा था-एक रोज सोना उगलेगी जमीन



हाजी हामिद खान अशरफी बताते हैं कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की दादी और दादा के दौर के लोगों ने सैयद बाबा को देखा है। हाजी अशरफी के मुताबिक बघेल की दादी उन्हें बताती थी कि बाबा ज्यादा किसी से बात नहीं करते थे। लोग उनके पास मुरादें लेकर जाते थे। इनमें ज्यादातर हिंदू ही होते थे क्योंकि तब यहां एक मात्र तेली परिवार के अलावा कोई मुस्लिम परिवार बसा नहीं था। स्व.श्यामचरण बघेल की मां से सुनी हुई बातों के आधार पर हाजी हामिद बताते हैं-बाबा यहां अक्सर पत्थर इकट्ठा कर जमा करते थे।

### 1965 के बाद होते गए तामीरी काम



हाजी हामिद खान अशरफी ने बताया कि सन 1965 के बाद उर्स का नियमित आयोजन होने लगा। तब मजार के चारों तरफ चटाई का घेरा था। बाद के दिनों में यहां मजार, मस्जिद और मीनार का काम जन सहयोग से होता गया और मजार-मस्जिद आज इस स्वरूप में है। हाजी हामिद बताते हैं कि चूंकि बाबा की वफात कब हुई, यह किसी को नहीं मालूम इसलिए यहां उर्स के लिए चांद की कोई तारीख नहीं है।

### हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल है उर्स कमेटी, 10 साल अध्यक्ष रहे डॉ. चंद्राकर



भिलाई-तीन स्थित सैयद बाबा का उर्स हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल है। यहां के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. जीएस चंद्राकर उर्स कमेटी में 1985 से 1995 तक अध्यक्ष रहे हैं। डॉ. चंद्राकर बताते हैं कि अंचल में दोनों समुदाय का भाईचारा बहुत मजबूत है और जब वह अध्यक्ष थे, तब भी आज की तरह सभी के सहयोग से उर्स के आयोजन होते रहे। तब कई नामी कव्वालों को बुलाया गया। डॉ. चंद्राकर बताते हैं यहां दूर-दूर से हर समुदाय के लोग आते हैं। वह खुद हर उर्स में अपनी तरफ से चादर चढ़ाने सपरिवार जाते हैं। डॉ. चंद्राकर बताते हैं कि बचपन में वह जनता स्कूल में पढ़े हैं और स्कूल की छुट्टी के दौरान सैयद बाबा की कब्र के आसपास हम सब बच्चे खेलते थे। बाद में जब 1980 में वह जीविकोपार्जन के लिहाज से दोबारा यहां पहुंचे तब रायपुर से सिकंदर अली यहां उर्स कमेटी में अध्यक्ष थे।

सिटी इवेंट

## ऑपरेशन सिंदूर के जवानों को सेल्यूट करने निकाली तिरंगा रैली



**भिलाई।** ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर स्काउट गाइड के दैनिक चर्या कार्यक्रम के अंतर्गत भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 के प्रशिक्षुओं ने तिरंगा रैली निकाली। यह देश भक्ति पूर्ण आयोजन ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से प्रेरित होकर किया गया। इस आयोजन के दौरान प्रशिक्षक डीटीसी डॉ. शीतल चंद शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमें अपने सैनिकों के त्याग, बलिदान और शौर्य को नहीं भूलना चाहिए। साथ ही सभी स्काउट-गाइड को शहीद हुए सैनिकों से साहस की प्रेरणा लेने के लिए देशभक्ति के जज्बे का उदाहरणों से प्रेरित किया। इसके बाद तिरंगा रैली निकाली गई। जो सेक्टर-2 से होते हुए सेक्टर -3 और टाउनशिप के अन्य स्थानों से होते हुए निकाली गई। विद्यार्थियों के 'वंदे मातरम' के नारे से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस एक माह के प्रशिक्षण शिविर में राहगीरों को शीतल जल पिलाना और साइकिल रैली द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा चुका है। तिरंगा रैली में बड़ी संख्या में रास्ते में नागरिकों ने स्काउट गाइड के इस कार्य की सराहना की। रैली के आयोजन का दिशा नेतृत्व जिला सचिव सरिता शाक्य ने किया। डीओसी कीर्तिलता देशमुख, सत्यनारायण साहू और डॉ. शीतल चंद्र शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया। रेंजर्स-रोवर्स मिहिर, सचिन पासवान और यश ने भागीदारी दी। बीएसपी शिक्षा विभाग से अविनाश चंद्रशील सम्मिलित हुए।



● सेक्टर 6 सतनाम भवन में छत्तीसगढ़ सर्व समाज का मनाया गया स्थापना दिवस

# सामूहिक प्रयास से होगा मनखे-मनखे एक समान कथन सार्थक, छग सर्व समाज ने प्रतिभावानों को किया सम्मानित

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सर्व समाज के स्थापना दिवस के अवसर पर सतनाम भवन सेक्टर 6 भिलाई में ठेका श्रमिकों, निःस्वार्थ सेवा दे रहे समाजसेवियों और 10वीं,12वीं बोर्ड परीक्षा के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही संस्था में जिला व संभाग स्तर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र भी सौंपा गया। इस अवसर पर अतिथियों ने सामाजिक समरसता के लिए सभी समाज को एकजुट होकर गुरु घासीदास बाबा के मनखे-मनखे एक समान के कथन को सार्थक करने और संस्था के सदस्यों को जाति-पाति से ऊपर उठकर राज्य के सभी समाज को एक मंच से जोड़कर जनसेवा के कार्यो को सार्थक करने के लिए सामूहिक प्रयास करने की बातें कही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बी एल कुर्रे सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी एवं अध्यक्ष गुरु घासीदास सेवा समिति भिलाई थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्रदेशाध्यक्ष मेघनाथ यादव ने की। इस अवसर पर बतौर विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र कुमार पटेल रिटायर्ड अपर संचालक आडिट छःग शासन, डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त लोक कलाकार, संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतकुमार केसकर, प्रदेश संयोजक ब्रह्मदेव पटेल, कोषाध्यक्ष जीवन सिन्हा एवं महिला संयोजिका सुमन देवांगन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत कृष्णकुमार पाटिल कृत छत्तीसगढ़ महतारी की आरती व जवाहर कौशल द्वारा प्रस्तुत गुरु घासीदास बाबा की आरती से की गई। जिसके बाद संस्था के प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ.डी पी देशमुख ने स्वागत भाषण व अतिथियों का परिचय वाचन किया।



### सामाजिक समरसता के लिए सभी समाज को एकजुट होना जरूरी



मुख्य अतिथि बी एल कुर्रे ने सर्वसमाज की उपयोगिता पर अपने उद्बोधन में कहा कि आज के परिवेश में राज्य के सर्वांगीण विकास एवं सामाजिक समरसता के लिए सभी समाज को एकजुट होकर गुरु घासीदास बाबा के मनखे-मनखे एक समान के कथन को सार्थक करना होगा। उन्होंने संस्था के रचनात्मक कार्य की सराहना करते हुए विभिन्न क्षेत्र में सम्मानित हुए विशिष्टजनों को बधाई दी। अध्यक्षीय उद्बोधन में मेघनाथ यादव ने कहा कि जाति-पाति से ऊपर उठकर राज्य के सभी समाज को एक मंच से जोड़कर सामाजिक समरसता एवं जनसेवा के पवित्र कार्यो को सार्थक करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। स्थापना दिवस पर सम्मानित हुए सभी विशिष्ट जनों को उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए संस्था से जुड़ने की बातें कहीं। विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र पटेल ने जनसंख्या के आधार पर प्रदेश के बहुसंख्यक समाज की विभिन्न क्षेत्रो में भागीदारी पर चिंता व्यक्त करते हुये इस दिशा में संस्था को उचित पहल करने का प्रस्ताव दिया। कार्यक्रम के अन्य अतिथियों ने भी संस्था के उद्देश्य,विभिन्न कार्यो एवं भावी योजनाओं पर सारगर्भित विचार दिए।

### 7 प्रतिभावान विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

सम्मानित होने वाले विशिष्टजनों में श्रमिक दिवस के अवसर पर 15 उत्कृष्ट ठेका श्रमिकों को सम्मानित किया गया। 10वीं और 12वीं बोर्ड में दुर्ग, भिलाई व ग्रामीण क्षेत्र के नंदनी साहू, रिहा देवांगन, तनिष्क दिवान, वैष्णवी देवांगन, स्वयं साहू, खुशबू देशमुख और सिध्दार्थ साहू सहित 7 प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान हुआ। विभिन्न समाज के निःस्वार्थ सेवा देने वाले समाजसेवियों में द्वारिका यादव, घनश्याम सिन्हा, अर्चना यादव, अंजूलाल देशमुख, शैलेन्द्र साहू, जवाहर कौशल व राजेन्द्र पटेल को सम्मानित किया गया। संस्था की नई नियुक्तियों में संतोष पटेल बिलासपुर, भानुप्रताप यादव दुर्ग, थंगेश्वर साहू भिलाई, राजेन्द्र चौहान अहिवारा, देवकुमार देशमुख भिलाई को विभिन्न जिम्मेंदारियों का नियुक्ति पत्र दिया गया। कार्यक्रम में संस्था शेखर साहू, विजय कुमार रात्रे, डॉ.कृष्णकुमार पाटिल, भोजराम डड़सेना, भानुप्रताप यादव, अनुरूप साहू, चंदूलाल मरकाम, भोला साहू, भागवत सोनी, गेंदलाल वर्मा, रमेश साहू, अशोक मड़रिया, डॉ.एस के साहू, अनिल खेलवार, पंचराम साहू, रामदुलारी ताम्रकार, शकुंतला केसकर, डिकेश्वरी पटेल, नीता देशमुख, घनश्याम कुमार देवांगन और लखन लाल साहू प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

सिटी लाइव

## दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज के योगेंद्र बेलचंदन बने अध्यक्ष



**भिलाई।** दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज का शपथ ग्रहण समारोह सेक्टर 7 स्थित कुर्मी भवन में भिलाई नगर में आयोजित किया गया। जिसमें भिलाई नगर मुख्य इकाई, महिला समाज तथा युवा समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने पद की शपथ ली। इस समारोह में अध्यक्ष योगेंद्र बेलचंदन, पूर्व अध्यक्ष डॉ राजेंद्र हरमुख, केंद्रीय चुनाव समिति के अध्यक्ष महेंद्र दिल्लीवार, उपाध्यक्ष अश्वनी सकतेल, पूर्व अध्यक्ष पवन दिल्लीवार खास तौर पर मौजूद थे। इनके अलावा प्रेमलाल पिपरिया, महेंद्र दिल्लीवार, चंद्रभूषण देशमुख, गिरीश अमृत, केशव दिल्लीवार, दानेश्वर देशमुख, धानेश्वर देशमुख, पूर्णिमा वर्मा, बबीता देशमुख समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। हाल ही में भिलाई नगर मुख्य इकाई के अध्यक्ष पद पर कुबेरराम देशमुख, उपाध्यक्ष पद पर नारदराम देशमुख, सचिव पद पर दिलीपकुमार देशमुख, सह सचिव पद पर कुलेश्वर दिल्लीवार, कोषाध्यक्ष पद पर नेमेंद्रकुमार देशमुख निर्वाचित हुए थे। जबकि भिलाई नगर युवा कुर्मी मित्रमंडल में मिलेश्वर देशमुख अध्यक्ष, शिशिरकांत देशमुख उपाध्यक्ष, कृष्णकुमार बेलचंदन सचिव, प्रदीप देशमुख सह सचिव और डेकेश्वर देशमुख कोषाध्यक्ष बनाए गए, तो दूसरी ओर दिल्लीवार महिला इकाई में रीना देशमुख अध्यक्ष, ऊषा दिल्लीवार उपाध्यक्ष, प्रेमलता देशमुख सचिव, नीलिमा दिल्लीवार सह सचिव तथा केकती देशमुख कोषाध्यक्ष बनाई गई।

■ नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

अहिल्याबाई जयंती

## महिला सशक्तिकरण व शिक्षा के लिए अहिल्याबाई ने की थी पहल



**भिलाई।** घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय दुर्ग में वीरांगना देवी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती पर एक दिवसीय संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका निगम दुर्ग के द्वारा किया गया। महाविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं पूजन से किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग डिप्टी कलेक्टर मोहेंद्र साहू, राजस्व निरीक्षक प्रभारी थान सिंह यादव, राजस्व निरीक्षक नारायण यादव, घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय की उप प्राचार्य डॉ. नीतू सिंह, सभी विभाग की विभागाध्यक्ष, सहायक प्राध्यापिकाएं सहित सभी संकाय की छात्राएं उपस्थित रही। मुख्य अतिथि मोहेंद्र ने अपने वक्तव्य में वीरांगना अहिल्याबाई होलकर के बारे में कहा कि भारतीय इतिहास की कुशल महिला शासकों में से एक अहिल्याबाई एक प्रेरणादायक महिला नेता थी जिन्होंने स्त्री शिक्षा और सशक्तिकरण का अथक प्रयास किया। उन्होंने 18वीं शताब्दी में धर्म का संदेश फैलाया और औद्योगीकरण को बढ़ावा दिया। अहिल्याबाई महिलाओं का उद्धार करने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाना चाहती थी। जब वह मराठा क्षेत्र की शासिका बनी तो वहां के लोगों के द्वारा उन्हें लोकमाता के नाम की उपाधि से सम्मानित किया गया। अहिल्याबाई न्यायप्रिय के रूप में जानी जाती थी। यह कार्यक्रम दयानंद शिक्षा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष दिग्विजय सिंह गुप्ता, उपाध्यक्ष आभा रानी गुप्ता, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मृदुला वर्मा, नीलमणी त्रिपाठी विशेष रुप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन किरण वैष्णव और आभार डॉ. निशा श्रीवास्तव के द्वारा किया गया।

■ वीरांगना देवी अहिल्याबाई होलकर की 300 जयंती पर एक दिवसीय संगोष्ठी

जल्द होगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

## समाज के उत्थान और सदस्यता अभियान को लेकर हुई चर्चा




**भिलाई।** अखिल भारतीय उड़िया समाज की आवश्यक बैठक खुर्सीपार स्थित केंद्रीय कार्यालय वार्ड 51 सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समाज के प्रदेश अध्यक्ष जेएम तांडी ने किया। इस दौरान समाज विकास, उत्थान को लेकर चर्चा किया गया। इसके अलावा जिले भर में चल रहे सदस्यता अभियान पर जोर दिया गया। सदस्यों के बेहतरीन स्वास्थ्य के लिए जल्द स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें काई बीमारियों का चेक निःशुल्क होगा। साथ ही साथ जल्द भिलाई दुर्ग के उड़िया बस्तियों में बैठक लेकर समाज के लोगों को शिक्षा को लेकर जागरूक करने की योजना बनाई गई है। आने वाले दिनों में रथ यात्रा पर्व मनाया जाएगा। पर्व में समाज द्वारा महाप्रसाद का वितरण करेगी। बैठक में प्रदेश कोषाध्यक्ष दीनबंधु तांडी, जिला अध्यक्ष शंकर निहाल, संगठन मंत्री रतन तांडी, दयानिधि विभार,अर्जुन विभार, दीपक सोना,मनोज दीप, आशीष नंदा, उमेश दीप, आरसी बेहरा, अर्जुन नायक, चेतन दीप, मुरली तांडी, हेतुराम दीप, टेकचंद सेठिया आदि मौजूद थे।

**बस्तियों में पहुंचकर शिक्षा के प्रति किया जागरुक**

सिटी इवेंट

## शरबत वितरण कर मनाई पूर्व पीएम राजीव गांधी की पुण्यतिथि



**भिलाई।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रिसाली द्वारा डी.पी एस चौक रिसाली में शरबत वितरण और अन्य सेवा कार्य कर मनाया गया। इस दौरान उनके तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा की स्व राजीव गांधी ने देश के दूरसंचार, कंप्यूटर, पंचायती राज व्यवस्था प्रदान की। इसके साथ ही उपस्थित जनों द्वारा उनके पद चिन्हों पर चलने की शपथ ली गई। पुण्यतिथि के कार्यक्रम में राहगीरों को शर्बत वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पीसीसी महासचिव जितेंद्र साहू भिलाई जिलाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, बृजमोहन सिंह, मुकुंद कुमार, चंद्रकांत कोरे, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, मोनेश बंछोर, डॉ सीमा साहू, अनिल देशमुख, जहीर अब्बास, सनीर साहू, ममता यादव, राहुल राय, रेखा देवी, जमुना ठाकुर, चंद्रभान सिंह, विलास बोरकर, सोनिया देवांगन, विनय नेताम, सरिता पाण्डेय, दिनेश पटेल, अशोक सिन्हा, पेनुक नेताम, राजेंद्र रजक, चुम्मन देशमुख, राजकुमार देशमुख, फकीर राम ठाकुर सहित अनेक लोग उपस्थित होकर शरबत वितरण का सेवाकार्य किया।

कन्या महाविद्यालय में सात दिवसीय कार्यशाला में 14 प्रदेशों से वक्ता हुए शामिल

कार्नर न्यूज

## फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में मनोविज्ञान, संस्कृति और कौशल की सिखाई गतिविधियां, पत्रिका 'कैम्पस न्यूज' का हुआ विमोचन

**भिलाई।** डॉ वामन वासुदेव पाटणकर गर्ल्स कॉलेज और श्री अरविंद योग एवं नालेज फाउंडेशन, भारत के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय ज्ञान प्रणाली विषय पर 7 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। हाइब्रिड मोड में चलने वाले इस कार्यक्रम में लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें मनोविज्ञान, संस्कृति, कौशल, व्यक्तित्व संबंधित गतिविधियां भी कराई गई। सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शिक्षकों, शोधकर्ताओं और शिक्षा क्षेत्र के पेशेवरों को भारतीय ज्ञान परंपरा, योग, दर्शन, संस्कृति और शिक्षा के मूल्यों से परिचित कराना था जिससे वे इन सिद्धांतों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली में समाहित कर सकें।इस दौरा महाविद्यालयीन पत्रिका 'कैम्पस न्यूज' का विमोचन भी किया गया।



### सात दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिभागियों को दिया प्रमाण पत्र

इस 7 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में कुल 14 सत्र में विभाजित कर 14 विभिन्न प्रदेशों के वक्ता जिसमें डॉ. रविन्द्र ब्रम्ह डायरेक्टर सेंटर ऑफ आई.के.एस. पं. रविशंकर शुक्ल रायपुर, डॉ प्रशांत कुमार श्रीवास्तव शासकीय वि. वाय. टी. स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग, डॉ. अर्पणा रावल पश्चिम बंगाल, डॉ. घनश्याम साहू इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर, प्रियंका वर्मा नागपुर, डॉ. अनिल श्रीवास्तवएडिशनल डायरेक्टर बस्तर, डॉ राजऋषि मिश्रा होम्योपैथी, डॉ. शशिकांत दास रजिस्ट्रार पुडुचेरी विश्वविद्यालय पुडुचेरी, डॉ प्रेमलाल पटेल, डायरेक्टर आरोग्यवेदा योग व प्राकृतिक चिकित्सा भिलाई, डॉ. इंद्राणी फाउंडर ट्रस्टी श्री अरविंद योग व नालेज फाउंडेशन भारत, डॉ. सोमाली गुप्ता प्राचार्या शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय, अर्जुंदा दुर्ग उपस्थित थे।अंतिम दिन प्रथम सत्र में डॉ. सोमाली गुप्ता के व्याख्यान के साथ ही द्वितीय सत्र में कार्यक्रम समापन में मुख्य अतिथि डॉ. संजय तिवारी कुलपति हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय दुर्ग, विशेष अथिति डॉ. अजय सिंह प्राचार्य शासकीय वि. वाय. टी. स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग, डॉ. एस. एम. घोष मैनेजिंग डायरेक्टर द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

### भारतीय शिक्षा प्रणाली को समृद्ध करने हुई चर्चा

प्राचार्या डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने अपने शब्दों में भारतीय ज्ञान प्रणाली, योग, दर्शन, संस्कृति और शिक्षा के साथ व्यक्तित्व, पर्यावरण, सस्टेनेबिलिटी आधारित टॉपिक्स पर विशेष चर्चा करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम भारतीय शिक्षा प्रणाली को समृद्ध करने और शिक्षकों को भारतीय परंपराओं और मूल्यों के प्रति संवेदनशील बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर डॉ इंद्राणी, भूमिका डांगे, डॉ. शर्मिष्ठा, बालमुकुंद, शुभांगी, अर्चना, अंशु त्रिपाठी, डॉ स्वच्छतोवा घोषाल, निशा बैनर्जी और डॉ. अमिता सहगल, डॉ. अनिल जैन, डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल, डॉ. के एल राठी, डॉ. सुषमा यादव, डॉ. मुक्ता बाखला, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, डॉ. मोनिया राकेश, डॉ. अनुजा चौहान, ज्योति भरणे, वंदना बंजारे, डॉ. लता मेश्राम, डॉ. एम. लक्ष्मी प्रसूना अन्य अतिथि प्राध्यापक उपस्थित थे। इस अवसर पर महाविद्यालयीन पत्रिका 'कैम्पस न्यूज' का विमोचन डॉ. संजय तिवारी कुलपति हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा किया गया। डॉ. किरण बाला पटेल, समन्वयक व डायरेक्टर (आउटरीच) अरविंद योग व नालेज फाउंडेशन के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। मंच संचालन डॉ रेशमा लाकेश कन्या महाविद्यालय समन्वयक द्वारा किया गया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### जॉनसन बने भारतीय महिला तलवारबाजी टीम के प्रशिक्षक



**रायपुर।** क्यूसी, चाइना में 22 से 26 मई तक आयोजित विश्व महिला तलवारबाजी एपी टीम चैंपियनशिप के लिए वीर हनुमान सिंह अवॉर्डी व्ही जॉनसन सोलोमन को भारतीय टीम का प्रशिक्षक नियुक्त किया गया है। इसके पूर्व जूनियर कैडेट विश्व फेंसिंग चैंपियनशिप इजिप्ट एवं साउथ एशियन फेंसिंग चैंपियनशिप नेपाल में भी जॉनसन भारतीय टीम के प्रशिक्षक रह चुकें हैं। वे विगत सात वर्षों से छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसियेशन में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं। उनके प्रशिक्षण से बहुत से तलवारबाजों ने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में कई पदक जीतकर राज्य का गौरव बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई हैं। जॉनसन वर्तमान में बेथानी विद्यालय भिलाई में खेल शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहें हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसियेशन के अध्यक्ष एस प्रकाश (आई ए एस), कार्यकारी अध्यक्ष सुनील कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत सिंह पटेल, महासचिव बशीर अहमद खान, कोषाध्यक्ष रामप्रताप गुप्ता, संयुक्त सचिव अखिलेश दुबे और निखिल जाम्भुलकर ने हर्ष जताया है।

### खेलो इंडिया बीच गेम्स में बालिका मलखंभ टीम ने जीता स्वर्ण पदक



**रायपुर।** केन्द्र शासित प्रदेश दीव के घोघला बीच में 19 से 21 मई तक हुए प्रथम खेलो इंडिया बीच गेम्स में छत्तीसगढ़ की महिला मलखंब खिलाड़ियों ने 80.60 अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीत लिया है। इसके पहले 124.55 अंक अर्जित कर छत्तीसगढ़ पुरुष मल्लखंब टीम ने भी टीम चैम्पियनशिप का स्वर्ण पदक छत्तीसगढ़ की झोली में डाल दिया था। पिरामिड प्रतियोगिता में पुरुष टीम ने 24.95 अंको के साथ रजत पदक भी जीता है। छत्तीसगढ़ की झोली में 12 स्वर्ण तथा 6 रजत सहित कुल 18 पदक आए है। छत्तीसगढ़ की पुरुष मल्लखंब टीम में राकेश कुमार वढ़दा, नारायणपुर–मानू ध्रुव,नारायणपुर–राजेश सलाम, नारायणपुर–मोनू नेताम,नारायणपुर–संतोष सोरी,नारायणपुर और प्रतीक बंजारे बिलासपुर शामिल हैं। इसी तरह बालिका टीम में मोनिका पोटाई, नारायणपुर–दुर्गेश्वरी कुमेटी,नारायणपुर–अनिता गोटा,नारायणपुर–सरिता पोयम, नारायणपुर–संतय पोटाई, नारायणपुर–रोशनी धीवर,बिलासपुर शामिल है। अधिकारियों की टीम में डा. मिलिंद भानदेव, कोच बिलासपुर–सौरव पाल कोच नारायणपुर–पूनम प्रसाद, प्रबंधक नारायणपुर–मनोज प्रसाद, तकनीकी अधिकारी नारायणपुर शामिल हैं। यह जानकारी छत्तीसगढ़ मलखंब संघ के अध्यक्ष प्रेमचंद शुक्ला ने दी।

### छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग दूसरे संस्करण का आयोजन 6 जून से




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सीसीपीएल) के दूसरे संस्करण का आयोजन 06 जून से 15 जून तक शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नवा रायपुर में किया जाएगा।

गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी लीग में 6 टीमें हिस्सा लेंगी। जिनमें गत वर्ष की विजेता रायपुर रायनोस, बिलासपुर बुल्स, बस्तर बायसंस रायगढ लायंस, राजनांदगांव पैंथर्स तथा सरगुजा टाइगर्स सम्मिलित हैं। 21 मई को सीसीपीएल के दूसरे संस्करण की ट्राफी का अनावरण किया गया।इस ट्राफी में छत्तीसगढ़ प्रदेश के राजकीय पशु बायसन को विशेष रुप से दर्शाया गया साथ ही सभी 6 टीम तथा उनके कप्तान एवं खिलाड़ियों की घोषणा की गयी। इस अवसर पर सभी 6 टीमों की जर्सी का भी अनावरण किया गया। इस संस्करण में डिसीजन रिव्यू सिस्टम (डीआरएस) उपलब्ध होगा। जिससे खिलाडी अंपायर के निर्णय को चुनौती दे पायेगें। मध्य भारत में आयोजित किसी भी स्पर्धा में यह प्रथम बार होगा।

### वॉलीबॉल में छत्तीसगढ़ की टीम क्वार्टर फाइनल में क्वालीफाई



**रायपुर।** केन्द्र शासित प्रदेश दीव के घोघला बीच में 19 से 24 मई तक आयोजित प्रथम खेलो इंडिया बीच गेम्स में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस स्पर्धा के बीच वॉलीबॉल इवेंट में छत्तीसगढ़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में क्वालीफाई कर लिया है। स्पर्धा में शामिल खिलाड़ियों में ओम बागी व यशवन्त गुप्ता शामिल है। टीम के कोच श्रीकांत मोदी व मैनेजर रविन्द्र चन्द्र बागी है।

## अलग-अलग सिरदर्द के होते हैं अलग मायने

# हर सिरदर्द नही होता एक जैसा, दूसरी परेशानियों की वजह से भी हो सकती है आपको तकलीफें

सिरदर्द एक बेहद आम समस्या है, जिसका अनुभव लगभग हर कोई कभी न कभी करता है। लेकिन यह समझना जरूरी है कि सभी सिरदर्द एक जैसे नहीं होते। असल में, सिरदर्द कई प्रकार के होते हैं, जिनमें से अधिकतर लोग कुछ ही सीमित प्रकार के सिरदर्द से अक्सर परेशान रहते हैं। आइए इस लेख में उन्हीं प्रमुख प्रकारों और उनसे जुड़ी खास बातों के बारे में जानते हैं।

सिरदर्द एक बेहद आम समस्या है, जिससे लगभग हर कोई कभी न कभी जूझता है। हर सिरदर्द अपने आप में अलग होता है। उसके कारण, लक्षण और गंभीरता अलग-अलग हो सकते हैं, और वे विभिन्न स्वास्थ्य स्थितियों को दर्शाते हैं।

यह समझना जरूरी है कि सभी सिरदर्द एक जैसे नहीं होते। कुछ मामूली होते हैं जो खुद-ब-खुद ठीक हो जाते हैं, जबकि कुछ अन्य गंभीर समस्याओं जैसे माइग्रेन, तनाव या साइनस से जुड़े हो सकते हैं। कई बार तो ये किसी अंदरूनी बीमारी का शुरुआती संकेत भी होते हैं। इसलिए, अगर आपको बार-बार सिरदर्द होता है या उसके साथ अन्य लक्षण जैसे चक्कर आना, उल्टी या नजर में बदलाव महसूस होता है, तो इसे नजरअंदाज न करें, तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। बता दें कि सिरदर्द कई प्रकार का होता है। आइए इस लेख में सिरदर्द के चार प्रमुख प्रकार के बारे में जानते हैं।



### टेंशन सिरदर्द

टेंशन सिरदर्द सबसे आम प्रकार है, जो तनाव, थकान, या गलत मुद्रा में देर तक बैठे रहने के कारण होता है। यह सिर के दोनों तरफ या माथे पर हल्का से मध्यम दर्द पैदा करता है, जैसे कोई टाइट बैंड सिर को जकड़ रहा हो। यह तनाव, नींद की कमी, और डिहाइड्रेशन से ट्रिगर हो सकता है। ऐसी स्थिति में गहरी सांस लें, किसी शांत और खुले वातावरण में आराम करें, या पेपरमिंट तेल की मालिश करें। इन उपायों से सिरदर्द में आराम मिल सकता है।

### हाइपरटेंशन सिरदर्द



हाई ब्लड प्रेशर के कारण होने वाला सिरदर्द अक्सर सिर के पीछे या पूरे सिर में कंपन जैसा दर्द पैदा करता है। यह सुबह के समय अधिक गंभीर हो सकता है और लेटने से कम हो जाता है। अनियंत्रित उच्च रक्तचाप नाजुक रक्त वाहिकाओं पर दबाव डालता है, जिससे यह दर्द होता है। अगर इसके साथ चक्कर, धुंधला दिखना या सीने में दर्द हो, तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें। इससे आराम पाने के लिए अपने ब्लड प्रेशर को सामान्य रखने के उपायों पर काम करें।

### माइग्रेन

माइग्रेन एक न्यूरोलॉजिकल स्थिति है, जिसमें सिर के एक तरफ तेज धड़कता हुआ दर्द होता है। यह 4 से 72 घंटे तक रह सकता है और मतली, उल्टी जैसे लक्षणों के साथ होता है। माइग्रेन को तनाव, हार्मोनल बदलाव, कुछ खाद्य पदार्थ या नींद की कमी ट्रिगर कर सकती है। गंभीर मामलों में डॉक्टर से जरूर सलाह लें।

### साइनस सिरदर्द



साइनस सिरदर्द साइनसाइटिस या मौसमी एलर्जी के कारण होता है, जब नाक के आसपास की गुहाएं सूज जाती हैं। यह माथे, आंखों और गालों के आसपास दबाव या दर्द का कारण बनता है। साइनस सिरदर्द आम तौर पर सुबह के समय होता है। इसके साथ नाक बंद होना, बुखार या चेहरे में सूजन जैसे लक्षण हो सकते हैं। गंभीर साइनस सिरदर्द में डॉक्टर एंटीबायोटिक्स की सलाह दे सकते हैं।



## सेहत के लिए रोज दौड़ना और रस्सी कूदना बेहतर कदम, चयन आप करें

फिटनेस के लिए व्यायाम का महत्व हर कोई जानता है, लेकिन जब बात आती है रोज दौड़ने और रस्सी कूदने में से बेहतर विकल्प चुनने की, तो अक्सर लोग दुविधा में पड़ जाते हैं। आइए जानते हैं कि दोनों में से कौन ज्यादा अच्छा विकल्प है। आज के समय में लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रहे हैं। ऐसे में बहुत से लोग सुबह के समय व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल कर रहे हैं। रोज व्यायाम करना न सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। नियमित व्यायाम शरीर को मजबूत और चुस्त रखने के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है। यह शरीर के एनर्जी लेवल को भी बढ़ाता है, तनाव कम करता है साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूत करता है।

ऐसे में जो लोग सुबह में व्यायाम करते हैं अक्सर उनके मन में सवाल आता है कि रोज सुबह दौड़ना या रस्सी कूदने में कौन सा अधिक फायदेमंद है? तो बता दें कि रोज सुबह दौड़ना और रस्सी कूदना दोनों ही हाई-इंटेंसिटी वर्कआउट हैं। आइए इस लेख में इसी के बारे में जानते हैं कि इन दोनों वर्कआउट के क्या फायदे हैं?

### दौड़ने के फायदे

दौड़ना एक प्राकृतिक और आसान व्यायाम है, जो बिना



किसी उपकरण के किया जा सकता है। यह हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, फेफड़ों की क्षमता बढ़ाता है और तनाव कम करता है। रोजाना 20-30 मिनट की दौड़ से 200-400 कैलोरी बर्न हो सकती है, जो वजन नियंत्रण में भी मदद करती है। दौड़ने से हड्डियां और मांसपेशियां मजबूत होती हैं। यह मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है, क्योंकि बाहर दौड़ने से प्रकृति के साथ जुड़ाव बढ़ता है। दौड़ने के लिए खुले स्थान की जरूरत होती है, और अच्छी बात यह है कि सुबह के समय में खुले स्थान पर जाने से मन हल्का रहता है।

### रस्सी कूदने के फायदे

रस्सी कूदना एक हाई-इंटेंसिटी वर्कआउट है, जो कम समय में अधिक कैलोरी बर्न करता है। 10 मिनट की रस्सी कूदना 100-150 कैलोरी तक बर्न कर सकता है। यह हृदय स्वास्थ्य को बेहतर और मजबूत बनाने में मदद करता है।

रस्सी कूदना पूरे शरीर की मांसपेशियों, जैसे बाहों, कंधों और पैरों को सक्रिय करता है। रस्सी कूदने की अच्छी बात यह है कि इसे कम स्थान पर किया जा सकता है और इसके लिए केवल एक रस्सी की जरूरत होती है। दौड़ने की तुलना में रस्सी कूदने से कम समय में अधिक कैलोरी बर्न होता है।

### कौन-सा है बेहतर?

यह आपके फिटनेस लक्ष्य और शारीरिक स्थिति पर निर्भर करता है। अगर आप वजन तेजी से कम करना चाहते हैं और समय कम है, तो रस्सी कूदना बेहतर विकल्प हो सकता है। अगर आप सहनशक्ति बढ़ाना और बाहर समय बिताना चाहते हैं, तो दौड़ना उपयुक्त है। देखा जाए तो दोनों को बारी-बारी से अपनी रूटीन में शामिल करना सबसे अच्छा है, क्योंकि यह शरीर के लिए अधिक फायदेमंद हो सकता है।



## वट सावित्री व्रत के दिन न करें ये गलतियां, जानें व्रत रखने से लेकर पूजा करने और समापन तक के नियम

वट सावित्री व्रत सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने पति की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाल वैवाहिक जीवन के लिए रखा जाने वाला एक महत्वपूर्ण और सबसे ज्यादा कठिन व्रत है। वट सावित्री का व्रत ज्येष्ठ माह की अमास्या के दिन मनाया जाता है। इस साल यह व्रत 27 मई को पड़ रहा है। मान्यता है कि जो भी सुहागिन महिला इस व्रत का पालन करती है उसके पति की आयु लंबी होती है और व्रती महिला को अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। वहीं, अगर यह व्रत किसी भी कारण से खंडित हो जाए तो इससे वैवाहिक जीवन पर संकट आ सकता है।

### वट सावित्री व्रत के नियम

वट सावित्री व्रत के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और स्वच्छ वस्त्र पहनें। इसके बाद, पूजा शुरू करने से पहले व्रत का संकल्प लेना महत्वपूर्ण है। आप मन ही मन या हाथ में थोड़ा गंगाजल लेकर संकल्प लें कि आप अपने पति की लंबी आयु और सुख-समृद्धि के लिए यह व्रत रख रही हैं और इसे पूर्ण निष्ठा से निभाएंगी।

यह व्रत मुख्यतः निर्जल (बिना पानी पिए) रखा जाता है। हालांकि, यदि स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या हो या गर्मी अधिक हो, तो फलाहार व्रत भी रख सकती हैं, जिसमें आप फल, दूध, जूस आदि का सेवन कर सकती हैं। अन्न का सेवन पूरे दिन वर्जित होता है। व्रत वाले दिन महिलाएं सोलह श्रृंगार करती हैं। नई चूड़ियां, सिंदूर, बिंदी, मेहंदी आदि लगाकर तैयार होती हैं। ये सभी चीजें सौभाग्य का प्रतीक मानी जाती हैं। इस दिन साफ़-सुथरे और शुभ रंग के वस्त्र पहनें (लाल, पीला या गुलाबी रंग शुभ माने जाते हैं)। काले या सफेद रंग के वस्त्र पहनने से बचें।



यह व्रत वट वृक्ष की पूजा के बिना अधूरा है। पूजा के लिए सभी सामग्री (कच्चा सूत या मोली, सिंदूर, कुमकुम, हल्दी, अक्षत, फूल, फल, भीगे हुए चने, मिठाई, जल का लोटा, धूप-दीप) तैयार करके वट वृक्ष के पास जाएं और पूजा संपन्न करें।

वट सावित्री व्रत की कथा सुनना या पढ़ना इस व्रत का एक अभिन्न अंग है। यह कथा पतिव्रता सावित्री की अटूट भक्ति और दृढ़ संकल्प को दर्शाती है, जिन्होंने यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस ले लिए थे। कथा सुनने से व्रत का पूर्ण फल मिलता है और मन में सकारात्मकता आती है।

पूजा के बाद अपनी सामर्थ्य अनुसार दान करना शुभ माना जाता है। किसी ब्राह्मण, जरूरतमंद या मंदिर में अनाज, वस्त्र, फल या धन का दान कर सकते हैं। यह दान व्रत के पुण्य को बढ़ाता है।

पूजा समाप्त होने के बाद, अपने पति के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लें। साथ ही, घर के बड़े-बुजुर्गों, विशेषकर सास-ससुर का आशीर्वाद लेना भी महत्वपूर्ण है। पूरे दिन व्रत रखने के बाद, शाम को पूजा-पाठ समाप्त होने पर ही व्रत का पारण करें। पारण में सबसे पहले वट वृक्ष के भीगे हुए चने का प्रसाद खाएं।

## गर्मियों में रोज दही और चावल खाने का असर जरूर जानिए



गर्मियों का मौसम आते ही सेहत की बैंड बज जाती है। हर वक्त पसीना, पेट में जलन, गर्मी महसूस होती है। इस मौसम में कुछ कंफर्टेबल फूड्स खाने का मन करता है, यानी खाना हल्का भी हो, पेट भी भर जाए और मजा भी आ जाए। ऐसे में दही और चावल का कॉम्बिनेशन आपके लिए बेहतरीन साबित हो सकता है। साउथ में यह भोजन सदियों से खाया जा रहा है और अब धीरे-धीरे देश भर में इसकी लोकप्रियता बढ़ रही है। इसकी वजह इसकी स्वाद के साथ ही इसके फायदे भी हैं। आइए जानते हैं कि अगर आप रोज दही और चावल खाती हैं, तो आपको कितने फायदे मिल सकते हैं।

दही और चावल खाने से पेट को ठंडक मिलती है। इससे शरीर की गर्मी शांत हो जाती है। यह प्रोटीन और कार्ब्स का बेहतरीन कॉम्बिनेशन हो जाता है। दही और चावल खाने से आपको अच्छे प्रोबायोटिक्स मिल जाते हैं, जो पाचन को बेहतर बनाते हैं। यह गैस, अपच और एसिडिटी जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में मदद करता है।

यह एक लो कैलोरी और हेल्दी कार्ब्स का संयोजन है। इसे अगर आप डाइट में शामिल करती हैं, तो इससे वजन घटाने में भी मदद मिल सकती है।

दही में मौजूद प्रोबायोटिक्स आंतों की सेहत सुधारते हैं,जिससे शरीर का इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। हेल्दी गट रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देता है। इसका सेवन करने से डिहाइड्रेशन से बचाव होता है। यह एक तरह से इलेक्ट्रोलाइट्स की तरह काम करता है। इसका सेवन करने से आपको एनर्जी मिलती है।

**कार्नर न्यूज**

## छुट्टी के इस दौर में अभिभावकों की बड़ी जिम्मेदारी

# बच्चों की है गर्मी की छुट्टियां पर आपकी नहीं, काम और परिवार में संतुलन बनाना आपकी जिम्मेदारी

जहां गर्मी की छुट्टियों में बच्चे अपने माता पिता का ध्यान, परवाह और साथ चाहते हैं तो वहीं काम के साथ बच्चों पर पूरा ध्यान दे पाने के लिए माता पिता को भी काफी प्रयास करने पड़ते हैं। इस लेख में कुछ टिप्स दिए गए हैं जिसे अपनाकर माता पिता बच्चों और काम दोनों को साथ में मैनेज कर सकते हैं।

बच्चों को गर्मी की छुट्टियों का बेसब्री से इंतजार रहता है। छुट्टियों में उन्हें पूरा आराम और खेलने का मौका मिल जाता है, वहीं माता पिता के लिए खासकर वर्किंग पेरेंट्स की जिम्मेदारी अधिक बढ़ जाती है। उनके लिए दफ्तर और परिवार के बीच संतुलन बनाना चुनौती होती है।

जहां गर्मी की छुट्टियों में बच्चे अपने माता पिता का ध्यान, परवाह और साथ चाहते हैं तो वहीं काम के साथ बच्चों पर पूरा ध्यान दे पाने के लिए माता पिता को भी काफी प्रयास करने पड़ते हैं। इस लेख में कुछ टिप्स दिए गए हैं जिसे अपनाकर माता पिता बच्चों और काम दोनों को साथ में मैनेज कर सकते हैं।

### पहले से करें छुट्टियों की प्लानिंग

गर्मियों की छुट्टियों की तारीखें पहले से तय होती हैं। ऐसे में अपने ऑफिस



वर्कलोड को प्लान करें। अगर संभव हो तो एक-दो छुट्टियां बच्चों के साथ बिताने के लिए रखें।

### बच्चों के लिए बनाएं डेली रूटीन

बच्चों के लिए एक टाइम टेबल बनाएं जिसमें खेल, पढ़ाई, क्रिएटिव एक्टिविटी और आराम शामिल हो। इससे वे व्यस्त रहेंगे और आपको भी अपने काम के लिए समय मिलेगा।



### बच्चों की लें मदद

बच्चों को छोटा-मोटा काम देकर उन्हें व्यस्त और जिम्मेदार बनाएं। जैसे, डेस्क की सफाई, पानी की बोतल भरना, अपने खिलौने समेटना आदि। इससे बच्चे व्यस्त भी रहेंगे और आपको काम में मदद भी मिल जाएगी।

### वीकेंड बनाएं खास

अगर सप्ताह की शुरुआत में आप व्यस्त हैं तो वीकेंड पर बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम बिताने की योजना बनाएं। हर वीकेंड पर उनके साथ पार्क जाएं या साथ में किचन में कुछ बनाएं, मूवी देखें या गेम्स खेलें आदि।

### परिवार की मदद लें

अगर आपके पास दफ्तर का बहुत अधिक काम है तो परिवार के दूसरे सदस्यों, अपने पार्टनर या दोस्तों की मदद लेने में हिचकिचाएं नहीं। बच्चे को उसके नाना नानी या दादा दादी संग वक्त दें ताकि उनकी छुट्टियां भी मजेदार गुजरें और आपका काम भी हो सके।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 7 साल पहले कब्र से गायब हुई मशहूर गायक जिम मॉरिसन की प्रतिमा मिली

हाल ही में पेरिस पुलिस ने अमेरिकी गायक और कवि जिम मॉरिसन की लंबे समय से गायब हुई प्रतिमा को बरामद कर लिया है। साल 1988 में इस मूर्ति के चोरी होने के बाद दिवंगत गायक के प्रशंसक काफी दुखी थे, लेकिन इस खबर को सुनकर उनके बीच खुशी का माहौल छा गया है। पेरिस पुलिस ने बीते सोमवार को इंस्टाग्राम पर पोस्ट में बताया कि पेरे-लाचाइज कब्रिस्तान से 1988 में चुराई गई प्रतिमा, पेरिस के सरकारी अभियोजक कार्यालय द्वारा धोखाधड़ी के मामले से जुड़ी तलाशी के दौरान मिली। मूर्ति की बरामदगी ने कला जगत और प्रतिष्ठित डोर्स फ्रंटमैन के प्रशंसकों को उत्साहित कर दिया है।। इस बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं दी गई कि प्रतिमा को कब्र में वापस रखा जाएगा या नहीं।



साल 1971 में जिम मॉरिसन 27 वर्ष की आयु में पेरिस के बाथटब में मृत पाए गए थे। उनकी मृत्यु का कारण हृदय गति रुकना बताया गया, हालांकि शव परीक्षण नहीं किया गया क्योंकि कानून के अनुसार ऐसा करना आवश्यक नहीं था। इसके बाद उन्हें पेरिस के कब्रिस्तान पेरे-लाचाइज में दफनाया गया। फिर क्रोएशियाई कलाकार म्लाडेन मिकुलिन द्वारा गायक की एक प्रतिमा बनाई गई, जिसे मॉरिसन के निधन के 10वीं वर्षगांठ पर, यानी 1981 में कब्र पर रखा गया था। इसे 300 पाउंड में तैयार किया गया था। इसके बाद गायक के प्रशंसक इसे तीर्थस्थली के रूप में पूजने लगे थे और उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए आते थे। जिम मॉरिशन ने संगीत की दुनिया में बहुत कम समय में शानदार योगदान दिया, जिस कारण उन्होंने अपने प्रशंसकों को दीवाना बना लिया था।

### टॉलीवुड

## साउथ अभिनेता सूर्या की आगामी फिल्म का हुआ शुभारंभ, जानिए कब से शुरू होगी

साउथ के मशहूर अभिनेता सूर्या लगातार कई सारे प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। हाल ही में उनकी फिल्म 'रेट्रो' सिनेमाघरों में रिलीज हुई। हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत शानदार प्रदर्शन नहीं कर पाई। इस बीच अभिनेता के आगामी प्रोजेक्ट 'सूर्या 45' के टाइटल को लेकर भी अटकलें लगाई जा रही हैं। वहीं, अब उनके आगामी प्रोजेक्ट 'सूर्या 46' का शुभारंभ भी हो गया है।



अभिनेता के आगामी प्रोजेक्ट 'सूर्या 46' का हैदराबाद में भव्य पूजन के साथ शुभारंभ हुआ। सूर्या की फिल्म एक पारंपरिक पूजा समारोह के साथ आधिकारिक तौर पर फ्लोर पर आ गई। इसका निर्देशन वेंकी एटलुरी ने किया है। निर्देशक त्रिविक्रम ने 'सूर्या 46' की मुहूर्त पूजा में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और फिल्म की शूटिंग को आधिकारिक तौर पर शुरू करने के लिए औपचारिक रूप से पहला क्लैप भी दिया।

'सूर्या 46' की कास्ट सितारों से सजी हुई है। फिल्म में ममिता बैजू लीड एक्ट्रेस के तौर पर शामिल हैं। उनके अलावा बॉलीवुड स्टार अभिनेत्री रवीना टंडन और अभिनेत्री राधिका सरथकुमार महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। फिल्म की शूटिंग 30 मई से शुरू होने वाली है।

'सूर्या 45' के शीर्षक को लेकर भी तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म का शीर्षक 'वेट्टई करुप्पु' हो सकता है। इसके साथ ही प्रशंसकों की उत्सुकता भी बढ़ गई है। हालांकि, निर्माताओं ने शीर्षक के बारे में अभी तक आधिकारिक पुष्टि जारी नहीं की है।

### छॉलीवुड

## फिल्म 'जानकी- 1' का ट्रेलर मुम्बई में लॉन्च, अगले महीने होगी रिलीज

प्रोड्यूसर मोहित साहू की फ़िल्म 'जानकी -1' का ट्रेलर 21 मई को मुम्बई के अंधेरी वेस्ट स्थित इंफिनिटी मॉल में जारी हुआ। छत्तीसगढ़ में निर्मित सात भाषाओं में बनी 'जानकी-1' तेरह जून को पूरे भारतवर्ष में रिलीज़ होने जा रही है। ट्रेलर लॉन्चिंग के अवसर पर 'जानकी- 1' के हीरो दिलेश साहू एवं एक्ट्रेस अनिकृति चौहान समेत एक्टर नितीन ग्वाला, डायरेक्टर कौशल उपाध्याय, म्यूजिक डायरेक्टर मोनिका वर्मा-तोषांत कुमार,फेमस वाइस डबिंग आर्टिस्ट संकेत म्हात्रे व पायल विशाल तथा म्यूजिक डायरेक्टर अर्नब चटर्जी विशेष रूप से उपस्थित थे। कलाकारों में दिलेश साहू, अनिकृति चौहान, जीत शर्मा, नीरज उइके, नितीन ग्वाला, अमित गोस्वामी, सुमित्रा साहू, अनुनय शर्मा, दीवाना पटेल, मोहित जोशी, पप्पू चंद्राकर, तेजराम साहू एवं अमर दास लहरे शामिल हैं।



वहीं प्रोड्यूसर स्टोरी एवं एक्शन डिजाइन- मोहित साहू, को प्रोड्यूसर- गजेन्द्र देवांगन, आशीष कुमार गोयल एवं रवि माहवार, पटकथा एवं निर्देशन- कौशल उपाध्याय, एडिटर- गौरांग त्रिवेदी, गीत- मोनिका वर्मा, संगीत- तोषांत कुमार-मोनिका वर्मा, गायक कलाकार- कैलाश खेर, शान, जावेद अली, देव नेगी, नक्श अजीज़ एवं मोनिका वर्मा, वाइस डबिंग- संकेत म्हात्रे, पायल विशाल व सोहैल खान, बेकग्राउंड म्यूजिक- मनोहर यादव, वीएफएक्स- प्रवीर दास और कोरियोग्राफर- बाबा बघेल शामिल है।

### लाइफ स्टाइल



## जिमवियर का फैशन

बोरिंग जिम और एक्टिव वियर के दिन खत्म हो गए हैं।2025 में एक्सपोज्ड जिपर, कटआउट और कलर-ब्लॉक घटकों वाले वर्कआउट पीस ट्रेंड में हैं। फैशन की दुनिया में लोग ऐसे कपड़ों की तलाश कर रहे हैं जो उनकी व्यक्तिगत शैली को उजागर करें। इसलिए जिमवियर में चमकीले रंग और बोल्ड पहनावा बेहद आम होते जा रहा हैं।

## ओपन पोर्स से हैं परेशान, तो एक्सपर्ट से जानें कैसे रखें स्किन को बेदाग और साफ

चेहरे की खूबसूरत को लंबे समय तक बनाएं रखने के लिए आप कुछ खास तरीके को ट्राई करें। इससे आपको ज्यादा महंगी चीजों को इस्तेमाल नहीं करना पड़ेगा। बदलते मौसम की वजह से चेहरा खराब नजर आता है। ऐसे में हम हफ्ते या 15 दिन में एक बाद पार्लर से जाकर ट्रीटमेंट लेना पसंद करते हैं। लेकिन इसकी वजह हमारे पैसे बहुत ज्यादा खर्च हो जाते हैं। इन पैसों को बचाने और अपने ओपन पोर्स की प्रॉब्लम को कम करने के लिए आप डॉक्टर स्वाति के बताए गए तरीके को ट्राई करें। इससे आपकी स्किन साफ और बेदाग नजर आएगी। इससे चेहरे पर होने वाली प्रॉब्लम भी कम होती नजर आएगी। अगर आपकी त्वचा पर ज्यादा ओपन पोर्स नजर आ रहे हैं, तो इन्हें कम करने के लिए सबसे पहले आपको अपने मॉइश्चराइजर को चेंज करने की जरूरत है। ऐसा इसलिए क्योंकि ज्यादा हैवी मॉइश्चराइजर लगाने से आपकी स्किन के पोर्स लॉक नहीं होंगे। बल्कि और ज्यादा गंदगी भर जाएगी। ऐसे में आप लाइट वेट वाले मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें। इसमें चिपचिपापन कम होता है। साथ ही, बाहर की गंदगी चेहरे पर कम चिपकती नजर आती है।

### क्लींजर का करें इस्तेमाल

आप अपने चेहरे को साफ करने के लिए सही क्लींजर का इस्तेमाल करें। इससे चेहरे की गंदगी और तेल आसानी से साफ हो जाएगा। इसके लिए आपको ऑयल-फ्री क्लींजर का इस्तेमाल करें। इससे ओपन पोर्स को लॉक करने में मदद मिलेगी। साथ ही, आपको किसी तरह के कोई ट्रीटमेंट को करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस तरह के क्लींजर आपको मार्केट में स्किन टाइप के हिसाब से मिल सकता है।



### क्ले मास्क का करें इस्तेमाल

ओपन पोर्स की प्रॉब्लम को कम करने के लिए आप क्ले मास्क का इस्तेमाल कर सकती हैं। क्ले मास्क का इस्तेमाल करने से आपकी स्किन के पोर्स साफ हो जाते हैं। साथ ही, इससे आपकी स्किन को कोई प्रॉब्लम भी नहीं होती है। इसके लिए आपको बाजार में मिलने वाले क्ले मास्क को अप्लाई करना है। इसके बाद अपने चेहरे को पानी से साफ करना है। इससे आपकी स्किन क्लीन हो जाएगी।

## कुर्ती की नेकलाइन को स्टाइलिश लुक देंगे पाइपिंग डिजाइन, आप भी करें ट्राई



अधिकतर लड़कियों को गर्मी के मौसम में कुर्तियां पहनें ज्यादा पसंद होता है। यह आपके लुक को फॉर्मल और कैजुअल दोनों लुक देती हैं। वहीं आप कुर्ती को कैरी करने के बाद घंटों आराम से पहनकर काम या कहीं घूम सकती हैं। आजकल मार्केट में कई तरह की स्टाइलिश कुर्तियां मिल रही हैं। जिसमें शार्ट, लांग फ्रॉक स्टाइल, पेप्लम स्टाइल आदि। ऐसे में आप इन्हें अपनी चॉइस और बॉडी शेप के हिसाब से पहन सकती हैं। यह आपके लुक को क्लासी टच देती हैं।



वैसे तो आजकल आपको मार्केट में रेडीमेड सूट और कुर्तियां बेहद किफायती दाम में मिल जाते हैं, लेकिन कुछ लोग आज भी टेलर के पास जाकर कुर्तियां बनवाना ज्यादा पसंद करते हैं। ताकि उनको वो अपने अकॉर्डिंग बनवा सकें और अपनी चॉइस के हिसाब से नेकलाइन और बाजू बनवा लें। अगर आप एक साधारण सी कुर्ती को स्टाइलिश तरीके से बनवा लेते हैं तो उसका लुक और भी ज्यादा निखर कर आ जाता है। ऐसे में आज हम आपको कुछ पाइपिंग डिजाइन दिखाने जा रहे हैं। जिनको आप कुर्ती की नेकलाइन पर बनवा सकती हैं। यह आपकी सिंपल कुर्ती को मॉडर्न टच देंगे। देखिए कुछ ट्रेंडी डिजाइन।

### डबल राउंड शेप पाइपिंग डिजाइन

आप अपने किसी भी कॉटन कुर्ती की नेकलाइन पर इस तरह की राउंड शेप डबल पाइपिंग डिजाइन लगवा सकती हैं। इस तरह के डिजाइन अधिकतर ऐसी कुर्तियों पर जंचते हैं। जिनके यॉक पर वर्क होता है। ऐसे में पूरी कुर्ती का लुक काफी अट्रैक्टिव लगता हो। पाइपिंग से कुर्ती का लुक काफी खूबसूरत लगने लगता है। आप चाहे तो सिंगल पाइपिंग भी बनवा सकती हैं।

### कॉलर नेक पाइपिंग डिजाइन

इस तरह की कॉलर पाइपिंग डिजाइन शार्ट और लांग दोनों तरह की कुर्तियों के संग सुंदर लगती हैं। अगर आपकी कुर्ती एकदम सिंपल है, तो आप डिफरेंट कलर की कोई भी पाइपिंग को इस तरह से लगवा सकती हैं। इसे भी आप डबल डिजाइन देकर लगवा सकती हैं। ऐसे डिजाइन ज्यादातर यंग गर्ल्स पर खिलते हैं। इस तरह का पाइपिंग डिजाइन हर टेलर आसानी से बना देगा।

## फ्लावर डिजाइन की पायल आपके पैरों को बना देगी खूबसूरत, जरूर करें ट्राई

फैशन की दुनिया में अधिकतर महिलाएं अपने आप को खूबसूरत बनाने के लिए कई प्रयास करती है। यही नहीं कुछ महिलाएं तो आउटफिट से लेकर एक्सेसरीज तक हर एक चीज परफेक्ट तरीके से मैच कर पहनना पसंद करती है। ऐसे में अगर आप भी अपने घर पर होने वाले किसी भी फंक्शन में अपने आप को स्टाइलिश और यूनिक लुक देना चाहती हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप अपने आउटफिट के साथ इन खूबसूरत फ्लावर डिजाइन पायल को ट्राई कर सकती हैं। इन्हें पहनकर आप बला की खूबसूरत लगेंगी।



### खूबसूरत फ्लावर पायल डिजाइन

डेली वियर के लिए अगर आप भी नई डिजाइन की पायल तलाश रही हैं, तो अब आप इन 4 खूबसूरत डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं।

### मैरून स्टोन फ्लावर पायल डिजाइन

अगर आपके घर पर कोई खास फंक्शन है और आप उसे फंक्शन में अपने लुक से सभी को खुश करना चाहती हैं, तो अब आप अपने किसी भी ट्रेडीशनल आउटफिट के साथ इस खूबसूरत मैरून स्टोन फ्लावर पायल को ट्राई कर सकती हैं। इसे पहनकर आप किसी हसीना से कम नहीं लगेंगी। इस तरह के पायल को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

### कलरफुल फ्लावर एंकलेट डिजाइन

अगर आप डेली वियर के हिसाब से पायल देख रही है, तो आपके लिए यह खूबसूरत और लेटेस्ट कलरफुल फ्लावर डिजाइन वाली पायल भी बेस्ट ऑप्शन हो सकती है। इसे आप रोजाना डेली वियर में पहनकर अपने पैरों की खूबसूरती को बढ़ा सकती हैं। आप इस पायल को बनवा सकती हैं या ऑनलाइन खरीद सकती है।

## घनी आइब्रो करने के लिए अपनाएं टिप्स, जानें एक्सपर्ट से

अपने चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए महिलाएं कई प्रयास करती हैं। लेकिन चेहरे पर होने वाली कुछ छोटी-छोटी कमियां आपकी खूबसूरती को कम कर सकती है, जिससे अधिकतर महिलाएं परेशान रहती है। अगर आप ही उन्हीं महिलाओं में से एक हैं, तो आपको कुछ ऐसे टिप्स के बारे में जरूर जानना चाहिए, जिन्हें फॉलो कर आप अपनी आईब्रो को घना कर सकती हैं।

### ब्यूटी एक्सपर्ट की माने राय

ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी के मुताबिक खूबसूरत आइब्रो हमारी खूबसूरती का अहम हिस्सा होती हैं, लेकिन आइब्रो के कम बाल हमारे चेहरे के लुक को खराब कर सकते हैं। ऐसे में आप अपने लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए और चेहरे की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए कुछ टिप्स को फॉलो कर सकती हैं।

### आइब्रो के लिए उपाय



एक्सपर्ट ने आगे बताया कि लंबी और घनी आइब्रो पाने के लिए आप सबसे पहले एक छोटी कटोरी में अरंडी का तेल निकाल ले, उसमें बराबर मात्रा में जैतून का तेल मिला दे। अब इस तेल को लेकर अपनी आईब्रो पर हल्के हाथों से मसाज करें। इसके बाद आप गर्म पानी से कॉटन स्टीम भी ले सकती हैं। ऐसा आप रोजाना रात में सोने से पहले कर सकती हैं। इससे आपको काफी हद तक आराम देखने को मिलेगा।

ध्यान रहे आपको ज्यादा जोर से आइब्रो की मसाज नहीं करनी है। ऐसा करने से आपकी आइब्रो से बाल टूट सकते हैं।

### कार्नर न्यूज

### लंबे बाल के साथ बन भी बनाने वाले नौजवान ध्यान दें

## 'मैन बन' है आपका स्टाइल तो कुछ जरूरी टिप्स जो आपको बनाएंगे और भी स्टाइलिश

'पुरुषों को बाल छोटे रखने चाहिए' अक्सर यही सुनने को मिलता है और लंबे बाल वाले पुरुषों को इसके चलते दिक्कत भी खूब होती है। लेकिन इसके बाद भी बड़े बाल रखने वाले कई पुरुष हैं। ये वो पुरुष हैं जो लंबे बाल तो रखते ही हैं बन भी बनाते हैं। लेकिन बन सारे पुरुषों पर अच्छा ही लगे ये जरूरी तो नहीं। मगर कुछ खास टिप्स के साथ बन पुरुषों पर अच्छा लगता ही है। ये टिप्स मैन बन को आपके लुक में ऐसा शामिल कराएंगे कि आप इन्हें आसानी से स्टाइल करेंगे और लोगों की तारीफ़ भी सुनेंगे। 'मैन बन' यानी पुरुषों के लंबे बालों पर सजा बन। अगर ये स्टाइल रखने से आप अभी तक पीछे हट रहे थे तो अब आप इन स्टाइल को खास टिप्स के साथ आजमा सकते हैं-

### कैसे-कैसे 'मैन बन'

बालों का जूड़ा स्टाइल ही 'मैन बन' है लेकिन ये भी कई तरीके के होते हैं जैसे जब बन सिर पर बहुत ऊंचाई पर बनाया गया होता है तो उसे टॉपनॉट कहते हैं। लेकिन जब बन बेहद ढीला बंधा होता है तो उसे फुल बन कहते हैं। जब पुरुष मैन बन बनाने की कोशिश करते हैं तो उन्हें सिर्फ योंहीं बाल पकड़ कर बन बनाने की जरूरत नहीं है बल्कि वे कई तरह के स्टाइल बना सकते हैं।



### हाफ अप

जैसा कि नाम से ही पता चल रहा है। इसमें सिर्फ आधे बालों से ही बन बनाया जाता है। ये उन पुरुषों के लिए सही है जिनके बाल सच में लंबे हैं। मतलब बाल पुरुषों के कंधों से भी नीचे हैं तब ही हाफ अप बन अच्छा लगता है।

### लो बन

ये बन सिर में पीछे की ओर बनाया जाता है। इसमें बन सिर के क्राउन पर नहीं बनता है। नाम के मुताबिक इसे बिलकुल सिर के पीछे नीचे की ओर बनया जाता है।

### फेड के साथ मैन बन

ये एक ऐसा बन है जिसके लिए आपको अक्सर सैलून जाना होगा। इसमें सिर में ऊपर के बाल का बन बनाया जाता है। सिर्फ में नीचे के सारे बाल चोट कर दिए जाते हैं। ये बड़े बालों से बिलकुल अलग हो जाते हैं।



### बन एंड बियर्ड

याद रखिए ये वो स्टाइल है जिसमें हर तरह के बाल चल जाते हैं, जैसे स्ट्रेट या कर्ली। इस लुक में सिर पर बन होता है तो बियर्ड भी ठीक से बढ़ाई गई होती है।

### किस पर सूट करेगा 'मैन बन'

जैसे सभी हेयर स्टाइल चेहरे के आकार के हिसाब से सूट करते हैं, ठीक वैसे ही 'मैन बन' भी हर चेहरे पर सूट नहीं करता है। जैसे टॉप नॉट उन पुरुषों पर अच्छा लगता है जिनका बोन स्ट्रक्चर बहुत डिफाइन नहीं होता है। क्योंकि इसके साथ चेहरा लंबा नजर आ सकता है।

इसके साथ चेहरा पतला भी नजर आता है। टॉपनॉट को अगर दाढ़ी के साथ मैच किया जाए तो ये काफी मेस्क्युलिन स्टाइल बन जाता है।